

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-04 सीहोर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## राज्यसभा में वक्फ बिल पर JPC की रिपोर्ट पेश, खड़गे बोले-यह फर्जी, हम नहीं मानेंगे



नई दिल्ली (ए)। राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश की गई, जिसके बाद विपक्षी दलों ने विरोध जताते हुए हंगामा किया। कांग्रेस ने रिपोर्ट को एकतरफा बताते हुए कहा कि हमारी असहमति को रिपोर्ट में जगह नहीं दी गई। विपक्षी सांसदों का कहना है कि, रिपोर्ट में हमारे डिसेंट नोट को नहीं रखा गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जेपीसी की रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए कहा कि वह इस रिपोर्ट को नहीं मानेंगे। उन्होंने इस रिपोर्ट को असंवैधानिक और अलोकतंत्रिक करार दिया। उन्होंने दावा किया कि सांसदों की राय को दबाया गया है और नॉन स्टेक होल्डर को बाहर से बुलाकर उनका स्टेक ले रहे हैं। खड़गे ने मांग की कि इस रिपोर्ट को वापस से जेपीसी में भेजा जाए।टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने भी आरोप लगाया कि जेपीसी की इस रिपोर्ट में हमारी असहमति टिप्पणियों को शामिल नहीं किया गया। वहीं, किरेन रिजिजू ने विपक्ष के तमाम आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें गलत बताया। रिजिजू ने कहा कि रिपोर्ट में विपक्षी की असहमति भी दर्ज है।इससे पहले, जेपीसी के चेयरमैन जगदम्बिका पाल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा था कि हमारे कुछ सदस्य कह रहे हैं कि हमारी असहमति है, हमारी बातें नहीं सुनी गईं। लेकिन उनकी बातें हम छह महीने तक लगातार सुनते रहे।

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान को राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को आज राउज एवेन्यू कोर्ट ने राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत ने अमानतुल्लाह को पुलिस की जांच में शामिल होने को कहा है। सुनवाई के दौरान अमानतुल्लाह खान के वकील ने कहा कि वो जांच में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि अमानतुल्लाह खान से जामिया नगर थाने में पूछताछ हो, ऐसी जगह हो जहां सीसीटीवी लगे हों। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को जामिया नगर में पुलिस की एक टीम पर कथित रूप से हमला करने के आरोप में ओखला से विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू

### सीएम बीरेन सिंह पहले ही दे चुके हैं इस्तीफा



नई दिल्ली,(ए)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया। इससे पहले, 9 फरवरी को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया था।गौरतलब है कि जातीय हिंसा के चलते भारी दबाव के बाद बीरेन सिंह ने पद से इस्तीफा दिया था। मणिपुर में 3 मई 2023 से जातीय हिंसा जारी थी, जिससे राज्य में अशांति बनी हुई थी। 21 महीनों से जारी इस हिंसा को लेकर बीरेन सिंह पर इस्तीफे का दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी एनडीए सरकार से लगातार इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थीं। इसके चलते 9 फरवरी को बीरेन सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।कूकी समुदाय की संस्था आईटीएलएफ के प्रवक्ता गिन्जा वूलजोंग ने कहा कि बीरेन सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव में हार के डर से इस्तीफा दिया। हाल ही में उनका एक ऑडियो टेप लीक हुआ था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया। प्रवक्ता ने कहा, मैतेई समुदाय ने हमें अलग कर दिया है, अब हम पीछे नहीं हट सकते। बहुत खून बह चुका है। हमारी मांग अलग प्रशासन की है। कूकी समुदाय ने साफ कर दिया कि वे अपनी अलग प्रशासन की मांग से पीछे नहीं हटेंगे।

राहुल गांधी ने लिया पीएम मोदी को निशाने पर

कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद पीएम मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि हिंसा और जान-माल के नुकसान के बावजूद पीएम मोदी ने बीरेन सिंह को पद पर बनाए रखा। राहुल गांधी ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा कि अब जरूरी है कि मणिपुर में शांति बहाल की जाए और लोगों के घावों को भरा जाए। उन्होंने मांग की कि पीएम मोदी को तुरंत मणिपुर जाना चाहिए, वहां के लोगों की बात सुननी चाहिए और यह बताना चाहिए कि वे हालात सामान्य करने के लिए क्या योजना बना रहे हैं।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया नया आयकर बिल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को लोकसभा में नया इनकम टैक्स बिल 2025 पेश कर दिया गया है। नए बिल में सरकार ने कानूनों के सरलीकरण पर जोर दिया गया है। नया कानून पुराने इनकम टैक्स एक्ट, 1961 की जगह लेगा, जो कि मौजूदा समय में पुराना पड़ चुका है और बार-बार संशोधनों के कारण काफी पेचीदा हो गया है। नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सरकार ने सुधारों और कानून को सरल बनाने पर जोर दिया है। नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सेक्शन की संख्या घटाकर 819 से 536 कर दी गई है। इसमें अनावश्यक छूटों को समाप्त कर दिया गया है और साथ ही नए बिल में कुल शब्द संख्या 5 लाख से घटाकर 2.5 लाख कर दी गई है। नए इनकम टैक्स बिल में चीजों को आसान बनाने पर फोकस किया गया है। साथ ही 'असेसमेंट ईयर' को 'टैक्स ईयर' से रिप्लेस किया जाएगा।

## वर्चुअल टूर से मिलेगी मध्यप्रदेश के इतिहास और संस्कृति की जानकारी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में गुरूवार को एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर वर्चुअल टूर तैयार करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवंत अनुभूति देने वाले इन वर्चुअल टूर के माध्यम से अब पर्यटन, इतिहास और संस्कृति में रूचि रखने वाले व्यक्ति, अपने देश में रहते हुए मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। इससे प्रदेश के पर्यटन स्थलों और एतिहासिक धरोहरों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी और विश्व के विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।

### एमपी टूरिज्म बोर्ड और वी रियल संस्था के बीच हुआ एमओय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भारत में फिनलैंड के राजदूत श्री किम्मो लाहदेविर्ता का शॉल और पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संस्कृति को प्रदर्शित करती कॉफी टेबल बुक भेंट की।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि फिनलैंड की कंपनी वी-रियल द्वारा इतिहास, संस्कृति, और धरोहर का उन्नत तकनीक के माध्यम से वीडियो निर्माण कर संरक्षित और पुनर्जीवित किया जाता है। कंपनी इस वर्चुअल टूर को अपने प्लेट फार्म पर उपलब्ध कराती है, जो वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक संस्थाओं सहित टूर और ट्रैवल संस्थानों सहित आम नागरिकों के लिए उपलब्ध रहते हैं। आज हुए इस एमओयू से मध्यप्रदेश के इतिहास और संस्कृति की अद्यतन जानकारी वर्चुअल स्वरूप में वैश्विक स्तर पर सहज रूप से उपलब्ध होगी।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, मूर्धन्य पत्रकार कवि लेखक विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में आज होगा सम्मान समारोह



नर्मदापुरम (निप्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखक कवि मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी, स्व, विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति में आज शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष दैनिक क्षितिज किरण समूह के प्रधान संपादक केके सक्सेना, दैनिक क्षितिज किरन के निदेशक समिति सचिव विलक्षण सक्सेना, उपाध्यक्ष बलराम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजवादी विचारक व राजनेता रघु ठाकुर एवं इटारसी नगर पालिका के अध्यक्ष पंकज चौरे मौजूद रहेंगे। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों का सम्मान अतिथियों के द्वारा किया जाएगा।पूर्व वर्षों की परंपरानुसार इस वर्ष भी स्व. सिन्हा की स्मृति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों को स्म्मानित किया जाएगा। जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान के लिए बैतूल के डॉ् कृष्णा मोदी, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान क्षेत्र के वरिष्ठ नेता पं गिरिजा शंकर शर्मा, पत्रकारिता सम्मान नर्मदांचल के वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया, समाजसेवी सम्मान इटारसी के समाजसेवी गोपाल सिद्धवानी, साहित्यसेवी सम्मान नर्मदा महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र, पत्र छायाकार सम्मान वर्षों से प्रेस फोटोग्राफर रहे लोकेश तिवारी, के साथ ही गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति कुशल प्रशासक सम्मान नर्मदापुरम रेंज के डीआईजी आईपीएस प्रशांत खरे, विजय गुप्ता स्मृति विधि सेवी सम्मान बीते 56 वर्षों से सतत वकालात करने वाले संभाग के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुर, व जन संचार सेवी सम्मान भोपाल के अवनीश सोमकुंवर को सम्मानित किया जाएगा।आयोजन समिति के में संरक्षक पं गिरिमोहन गुरू शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, अध्यक्ष केके सक्सेना उपाध्यक्ष बलराम शर्मा अभय वर्मा शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव कार्यक्रम सचिव विलक्षण सक्सेना, सांस्कृतिक सचिव विजय प्रकाश श्रीवास्तव, तुकाराम यादवेश, भानू प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना सक्सेना संगठन सचिव भूपेंद्र चौकसे, नंद किशोर यादव, शरीफ राइन, संगठन सह सचिव श्याम राय, कमल चव्हाण कार्यकारिणी पीयूष शर्मा, कमलेश चौधरी, पंकज शुक्ला, अजय निगम, सजेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि शर्मा श्रीमती हिना अली, सुश्री खुशबू बूलचंदानी रामू चौहान, गजेंद्र राजपूत, प्रकाश शर्मा ने नागरिकों से समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## पाकिस्तानी सेना ने की सीमा पर गोलीबारी, भारत ने दिया जवाब 6 को किया ढेर

जम्मू,(ए)। जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर पाकिस्तानी सेना ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। सीमा पार से गोलीबारी की लेकिन भारतीय सेना ने भी इसका मुंह तोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पार गोलीबारी कर दी। इसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इसमें पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ। उसके 6 जवान मारे गए हैं कई घायल भी हुए हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा घाटी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का उल्लंघन किया गया, जब एक दिन पहले ही जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से किए गए आईईडी विस्फोट में एक कैप्टन सहित दो भारतीय सैन्यकर्मियों की जान चली गई थी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पर तारकुंडी क्षेत्र में अग्रिम चौकी पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसका भारतीय सेना ने जवाब दिया।अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना का एक जूनियर कमीशंड अधिकारी बुधवार शाम उस समय मामूली रूप से घायल हो गया, जब उसने गलती से एक बारूदी सुरंग पर पैर रख दिया। उन्होंने बताया कि मेंढर निवासी जेसीओ आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए नियंत्रण रेखा पर कड़ी निगरानी रखने वाले गश्ती दल का हिस्सा थे।

### रेलवे स्टेशन पर युवक का हंगामा

## टिकट काउंटर में की तोड़फोड़, कर्मचारियों ने बाथरूम में छिपकर बचाई जान

जबलपुर(आरएनएस)। मध्य प्रदेश में इन दिनों बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला जबलपुर से सामने आया है। जहां देर रात रेलवे प्लेटफार्म नंबर एक के टिकट काउंटर में जमकर तोड़फोड़ की गई। इसी बीच नाइट ड्यूटी में तैनात महिला और पुरुष कर्मचारी ने बाथरूम में छिपकर जैसे तैसे अपनी जान बचाई।मामला जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के टिकट काउंटर का है। जहां देर रात 2:00 बजे हंगामा कर टिकट काउंटर में की तोड़फोड़ की गई। आरोपी ने टिकट काउंटर की कांच को भी चकनाचूर कर दिया। बताया जा है कि, तोड़फोड़ करने वाला आरोपी नशे की हालत में था।जानकारी के अनुसार, आरोपी टिकट काउंटर की कांच तोड़कर बुकिंग ऑफिस के अंदर हो दाखिल हो गया था। वहीं घटना के दौरान नाइट ड्यूटी में तैनात महिला और पुरुष कर्मचारी ने बाथरूम में छिपकर जान बचाई। इधर हंगामे के काफी देर बाद जीआरपी और आरपीएफ के जवान पहुंचे। इसके बाद उन्होंने आरोपी को पकड़ा। आरोपी की दिमागी हालत गड़बड़ बताई जा रही है।

## भोपाल में गौवंश से भरा ट्रक पकड़ाया, बजरंग दल ने नगर निगम पर लगाया गौ तस्करी का आरोप

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की भोपाल नगर निगम पर गौ तस्करी का आरोप लगा है। यह आरोप बजरंग दल ने लगाया है। बजरंग दल ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी गौवंश के अवैध परिवहन में लिप्त है। दो बार पहेल भी खुलासे हो चुकी है। ननि के वाहनों से अन्य शहरों में गौ तस्करी की जा रही है। इस दौरान थाने में जमकर बवाल भी हुआ। वहीं पुलिस ने भारी हंगामे के बाद निगम प्रशासन की गलती मानी और जांच शुरू कर दी है। बजरंग दल ने भोपाल के अन्ना नगर चौराहे पर गौवंश से भरा एक ट्रक पकड़ा है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बजरंग दल ने भोपाल नगर निगम पर गौ तस्करी का सनसनीखेज आरोप लगाया है। निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वहीं गोविंदपुरा थाने में जमकर बवाल हुआ। बजरंग दल ने कहा कि बिना कागजात और जानकारी के तस्करी की जा रही है।






झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अभ्यर्थियों ने परीक्षा में देरी को लेकर रांची में जेपीएससी कार्यालय के बाहर जेपीएससी अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सिर मुंडवाकर और शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

## दोस्तों संग बैंकॉक जा रहा था पूर्व मंत्री का बेटा, पिता ने प्लेन को बीच रास्ते से बुलवाया वापस



पुणे (ए)। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री तानाजी सावंत के बेटे ऋषिराज सावंत के साथ एक अजीबोगरीब घटना घटी। ऋषिराज अपने दोस्तों के साथ एक चार्टर्ड प्लेन से बैंकॉक जा रहे थे, लेकिन उड़ान के बीच में ही उनके पिता के एक फोन कॉल के बाद प्लेन को वापस बुला लिया गया। इस अप्रत्याशित घटना के दौरान विमान में काफी हंगामा भी हुआ।घटनाक्रम के अनुसार, पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति से सूचना मिली कि ऋषिराज सावंत का अपहरण हो गया है। पुलिस ने तुरंत इस जानकारी से तानाजी सावंत को अवगत कराया। इसके बाद, एयरपोर्ट अधिकारियों ने विमान के पायलटों को पुणे लौटने का संदेश भेजा। एयरलाइन सूत्रों के अनुसार, पायलटों को पहले लगा कि यह कोई मजाक है, लेकिन जब विमानन मंत्रालय और डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) से निर्देशों की पुष्टि हुई, तो उन्होंने तत्काल आदेश का पालन किया और विमान को पुणे की ओर मोड़ दिया।एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि विमानन इतिहास में ऐसा शायद पहली बार हुआ है जब अपहरण के मामले में दर्ज रिपोर्ट के कारण किसी उड़ान को बीच रास्ते से वापस बुलाया गया हो। जैसे ही विमान पुणे हवाई अड्डे पर उतरा, CISF के जवान तुरंत विमान में दाखिल हुए और ऋषिराज सावंत और उनके दोनों दोस्तों को विमान से उतारा।

# वर्चुअल टूर से मिलेगी मध्यप्रदेश के इतिहास और संस्कृति की जानकारी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## फिनलैंड की संस्था वी रियल बनाएगी प्रदेश के पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों पर वर्चुअल टूर

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में गुरूवार को एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर वर्चुअल टूर तैयार करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवंत अनुभूति देने वाले इन वर्चुअल टूर के माध्यम से अब पर्यटन, इतिहास और संस्कृति में रूचि रखने वाले व्यक्ति, अपने देश में रहते हुए मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। इससे प्रदेश के पर्यटन स्थलों और एतिहासिक धरोहरों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी और विश्व के विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भारत में फिनलैंड के राजदूत श्री किम्मो लाहदेविर्ता का शॉल और पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और प्रदेश के पर्यटन स्थलों,

**एमपी टूरिज्म बोर्ड और वी रियल संस्था के बीच हुआ एमओयू**




ऐतिहासिक धरोहरों और संस्कृति को प्रदर्शित करती कॉफी टेबल बुक भेंट की।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि फिनलैंड की कंपनी वी-रियल द्वारा इतिहास, संस्कृति, और धरोहर का उन्नत तकनीक के माध्यम से वीडियो निर्माण कर संरक्षित और पुनर्जीवित किया जाता है। कंपनी इस वर्चुअल टूर को अपने प्लेट फार्म पर उपलब्ध कराती है, जो वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक संस्थाओं सहित टूर और ट्रैवल संस्थानों सहित आम नागरिकों के लिए उपलब्ध रहते हैं। आज हुए इस एमओयू से मध्यप्रदेश के इतिहास और संस्कृति की अद्यतन जानकारी वर्चुअल स्वरूप में वैश्विक स्तर पर सहज रूप से उपलब्ध होगी। एमओयू हस्ताक्षर अवसर पर अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी, वी रियल संस्था के सीईओ जोहानेस स्वॉर्डस्टॉर्म सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश में भ्रष्टाचार, लोकायुक्त जांच प्रतिवेदन लंबित , मोहन सरकार जांच दबाकर बैठी : नेता विपक्ष उमंग सिघार

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता विपक्ष उमंग सिंघार पलेरा नगर पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू,कांग्रेस की विधायक श्रीमती चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गौर, नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री-विनोद वर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू राय समेत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही बुंदेलखंड में कानून व्यवस्था और जनता की समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की।इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह सरकार विधानसभा चलाना नहीं चाहती, सरकार स्वयं डरती है, देश में सबसे कम सत्र मध्य प्रदेश में होते हैं। विधानसभा का बजट सत्र 9 दिन का रखा गया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह मप्र के इतिहास का सबसे छोटा बजट सत्र है। मुख्यमंत्री विधानसभा में बैठते नहीं हैं। कभी आते हैं तो चले जाते हैं। वह जनता की बातों और विपक्ष के सवालों से घबराते हैं। हमनें लाइव प्रसारण की बात कही तो इसके लिए भी घबराते हैं। यह डरपोक सरकार है। विपक्ष और जनता की बात नहीं सुनना चाहती है। सिंघार ने परिवहन आरक्षक के मामले को लेकर कहा कि सौरभ शर्मा छोटी मछली है। वह किसके लिए काम करता था, उसके साथ कौन लोग जुड़े थे। यह सामने आना चाहिए। लेकिन मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर बात करने से बचते हैं। सौरभ शर्मा के नाम पर करोड़ों रुपए कमाए और जमीनें खरीदी ली गईं। प्रदेश में भ्रष्टाचार चल रहा है। कई जांच रिपोर्ट सरकार दबाकर बैठी है। लोकायुक्त के जांच प्रतिवेदन लंबित पड़े हैं।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भारत भवन में राज्य शिखर सम्मान अलंकरण समारोह के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### ठंड की वापसीः तापमान में गिरावट, सर्दी का बढ़ेगा असर



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में ठंड की वापसीः 13 फरवरी से तापमान में गिरावट, सर्दी का बढ़ेगा असर। जम्मू कश्मीर के आसपास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है। इसके अलावा अभी अन्य कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी भी हो रही है। इस वजह से गुरुवार से रात के तापमान में कुछ गिरावट होने का अनुमान है।

## पश्चिम म.प्र. में सूर्य किरणों से बिजली अब 25250 स्थानों पर

**सबसे ज्यादा रूफ टॉप सोलर इंदौर शहर में 13800 स्थानों पर लगे**

भोपाल (निप्र)। सूरज की किरणों से बिजली तैयार कर पर्यावरण सुधार के साथ ही बिजली बिल में कमी करने को लेकर पश्चिम म.प्र. में अच्छा कार्य हुआ है। इस 12 फरवरी की स्थिति में पश्चिम म.प्र. यानि मालवा- निमाड़ में 25 हजार 250 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर यानि सौर ऊर्जा से बिजली तैयार की जा रही है। पश्चिम म.प्र. में सबसे ज्यादा सौर ऊर्जा से बिजली इंदौर शहर में 13 हजार 800 स्थानों पर तैयार हो रही है। पीएम सूर्य घर योजना लागू होने के बाद फरवरी 2024 से फरवरी 2025 के दूसरे सप्ताह तक पश्चिम म.प्र. में बारह हजार से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं ने सौर ऊर्जा उत्पादन प्रारंभ किया है। उच्चदाब और निम्न दाब के उपभोक्ताओं द्वारा अब कुल 25 हजार 250 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है। इन स्थानों में घर, बहुमंजिला इमारत, औद्योगिक परिसर, शासकीय कार्यालय की छतें, नगर निगम के कचरा ट्रांसफर स्टेशन की छतें, दुकानों की छतें, शासकीय कार्यालयों के पास की खाली जमीन इत्यादि स्थान, परिसर शामिल हैं। पीएम सूर्य घर योजना लागू होने के बाद पश्चिम मध्यप्रदेश में रूफ टॉप सोलर की कुल उत्पादन क्षमता 220 मेगावॉट से ज्यादा हो गई है। बिजली बिल में बचत, मेरी छत-मेरी बिजली की भावना के साथ ही पर्यावरण सुधार के लिए समर्पण को लेकर वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक उत्साह बना हुआ है।

## भारतीय रेलवे यह सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम कर रही है कि तीर्थयात्री माघी पूर्णिमा पर पवित्र स्नान करने के बाद बिना किसी देरी के घर लौटें : अश्विनी वैष्णव

**केंद्रीय रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने स्थिति की समीक्षा और निगरानी के लिए वॉर रूम का दौरा किया, अधिकारियों को सभी दिशाओं में ट्रेनें चलाने के निर्देश दिए**

### *पिछले तीन दिनों से, भारतीय रेलवे श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके घर लौटने में सहायता करने के लिए प्रतिदिन औसतन 330 ट्रेनें चला रहा है*

भोपाल (निप्र)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीईओ और सीआरबी सतीश कुमार के साथ आज रेल भवन के वॉर रूम में प्रयागराज रेलवे स्टेशनों की भीड़ प्रबंधन स्थिति की समीक्षा की। मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी दिशाओं में तीर्थयात्रियों के लिए ट्रेनें उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रयागराज डिवीजन को यात्रियों की भीड़ को कम करने और होल्डिंग क्षेत्रों में यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का निर्देश दिया गया है। महाकुंभ रेलवे सूचना बुलेटिन के अनुसार, 12 फरवरी 2025 शाम 6:00 बजे तक यात्रियों की सुविधा के लिए 225 ट्रेनें चलाई जा चुकी थीं, जिनमें 12.46 लाख से ज़्यादा यात्री यात्रा कर चुके थे। मंगलवार, 11 फरवरी 2025 को 343 ट्रेनें चलाई गईं, जिनमें 14.69 लाख से ज़्यादा यात्री यात्रा कर चुके थे। भारतीय रेलवे द्वारा ट्रेनों से जुड़ी जानकारी लगातार विभिन्न माध्यमों से दी जा रही है- जिसमें विशेष बुलेटिन, महाकुंभ क्षेत्र के होल्डिंग ज़ोन, रेलवे स्टेशन, सोशल मीडिया और अन्य मीडिया आउटलेट शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास चार होल्डिंग एरिया (प्रत्येक की क्षमता 5,000 है) पूरी तरह



से चालू हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, माघी पूर्णिमा के अवसर पर आज खुसरोबाग में 100,000 यात्रियों की क्षमता वाला एक नया होल्डिंग एरिया चालू हो गया है, जिसमें ठहरने, भोजन और अन्य आवश्यक चीजों की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि प्रतीक्षारत यात्री अपनी ट्रेन में चढ़ने तक आराम से रह सकें। सभी यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें तथा किसी भी असत्यापित रिपोर्ट और भ्रामक जानकारी से बचें।

## पेट पालने के लिए कपड़ा दुकान में करती थी काम, मालिक के बेटे ने बार-बार किया दुष्कर्म



भोपाल(आरएनएस)। दुकान में काम करने वाली 20 साल की युवती ने आरोप लगाया है कि उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया. जब उसकी तबीयत खराब हुई, तो मेडिकल जांच में पता चला कि वह छह महीने की गर्भवती है. युवती पिछले एक साल से गंजबासौदा की एक कपड़ा दुकान में काम कर रही थी. उसका कहना है कि दुकान मालिक के बेटे ने गोदाम में उसे जबरन अपनी हवस का शिकार बनाया. उसने आरोप लगाया कि एक दिन उसे नशीली दवा देकर बेहोश किया गया और फिर उसके साथ गलत हरकत की गई. यही नहीं, इसके बाद भी ये सिलसिला कई महीनों तक चलता रहा लेकिन डर और लोक-लज्जा के चलते वह चुप रही।

**-मेडिकल जांच में हुआ खुलासा**

जब पीड़िता की तबीयत लगातार बिगड़ने लगी, तो उसके परिवारवालों ने उसे अस्पताल ले जाने का फैसला किया. गंजबासौदा के राजीव गांधी जन चिकित्सालय में जब उसका मेडिकल टेस्ट हुआ तो पता चला कि वो तो छह महीने की गर्भवती है. इस खुलासे के बाद परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई।

**-मेडिकल जांच में हुआ खुलासा**

जब पीड़िता की तबीयत लगातार बिगड़ने लगी, तो उसके परिवारवालों ने उसे अस्पताल ले जाने का फैसला किया. गंजबासौदा के राजीव गांधी जन चिकित्सालय में जब उसका मेडिकल टेस्ट हुआ तो पता चला कि वो तो छह महीने की गर्भवती है. इस खुलासे के बाद परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई।

**अस्पताल में भी की गई लापरवाही**

मेडिकल जांच के दौरान अस्पताल की खामियां भी सामने आईं. पीड़िता के परिजनों को बाहर से जरूरी सामान लाना पड़ा क्योंकि अस्पताल में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं. इससे परिजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

**पुलिस ने आरोपी को किया अरेस्ट**

अब पीड़िता और उसका परिवार न्याय की मांग कर रहा है. परिवार चाहता है कि आरोपी को सख्त से सख्त सज़ा मिले. इधर, पीड़िता का कहना है कि मैं रोज की तरह दुकान में काम कर रही थी. मुझे नशीली दवा दी गई और फिर मेरे साथ जबरदस्ती की गई।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भारत भवन में भारत भवन की 43वीं वर्षगांठ एवं शिखर सम्मान अलंकरण समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

## 06221 मैसूर-लखनऊ कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01 ट्रिप

### भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं।. इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 06221 मैसूर-लखनऊ कुंभ मेला विशेष ट्रेन (01 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 06221 मैसूर-लखनऊ कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 06221 मैसूर-लखनऊ कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 14 फरवरी 2025 (शुक्रवार) को मैसूर स्टेशन से सुबह 07.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रात 20.50 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन शाम 16.00 बजे लखनऊ स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी मंड्या, केंगेरी, क्रांतिवीरा संगोली रायन्ना (बेंगलुरु), यशवंतपुर जंक्शन, तुमकुर, अरसीकेरे जंक्शन, कडूर, चिकजाजूर जंक्शन, दावणगेरे, हरिहर, रानीबेन्नूर, हावेरी, श्री सिद्धरूधा स्वामी (हुबली) जंक्शन, धारवाड़, लोन्डा जंक्शन, खानापुर, बेलगावी, गोकाक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज जंक्शन, सांगली, कराड, पुणे जंक्शन, दौंड चॉर्ड लाइन, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी स्टेशनों पर रुकेगी।

## विविध-समाचार

### कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को बना दिया पटवारी

भोपाल(आरएनएस)। अब तक आपने पटवारियों का प्रमोशन होकर नायब तहसीलदार बनते हुए तो खूब सुना होगा, लेकिन किसी न नायब तहसीलदार का डिमोशन करते हुए उसे फिर से पटवारी बनाए जाने की बात सुनी है, मध्य प्रदेश के आगर-मालवा जिले से ऐसा ही एक अनोखा मामला देखने को मिला है, जहां एक नायब तहसीलदार को कलेक्टर ने प्रदेश शासन के आदेश पर डिमोशन करते हुए पटवारी बना दिया है. जबकि उनका एक जिले से दूसरे जिले में ट्रांसफर भी कर दिया है. दरअसल, आगर-मालवा जिले में पदस्थ नायब तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी को फिर से कलेक्टर बना दिया गया है. क्योंकि उन पर न्यायिक शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप है. उन्होंने जिले आगर-मालवा जिले झोटा, बिजानगरी में रहते हुए कई फर्जी आदेश पारित किए गये थे, जबकि एक-एक साल के लिए उन्होंने कई लोगों के गरीबी रेखा के राशनकार्ड भी बनवाए थे, जिसकी शिकायत कुछ दिनों पहले लोकायुक्त भी पहुंची थी. ऐसे में मामले में गड़बड़ी पाए जाने पर आगर-मालवा जिले के कलेक्टर की तरफ से यह एक्शन लिया गया है और उनके डिमोशन का आदेश जारी किया गया।

### 'ऐसा करना मुझे अच्छा लगता है, 15 दिन में 5 लड़कियों को किया बैड टच, साइको आरोपी गिरफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में दिनदहाड़े 15 दिन में पांच नाबालिग लड़कियों को बैड टच करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी राह चलते नाबालिग बच्चियों को निशाना बना था और स्कूटर से भाग निकलता था। जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को पकड़ा।मामला कटारा हिल्स थाना इलाके का है। बताया न रहा है कि, 15 दिन पहले बैड टच की शिकायत लेकर नाबालिग छात्रा आई थी। जिसमें उसने बताया कि, स्कूटर सवार उसे बैड टच करके भाग गया। इसके बाद पुलिस के पास चार और ऐसी ही शिकायत आई। इन सभी में एक तरह से वारदात करना पाया गया। फिर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें एक स्कूटर सवाल दिखाई दिया। जिसके पहचान प्रवीण गौतम के रूप में हुए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस में आरोपी से पूछताछ की तो बोला ऐसा करने में अच्छा लगता है। एक आधार पर पुलिस से साइको मानकर चल रही है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच में जुटी है।

### राजधानी में भीख देने वाले ट्रक ड्राइवर पर पहली एफआइआर

भोपाल(ए)। राजधानी के पहली बार बोर्ड ऑफिस चौराहे सिग्नल पर भीख देने के मामले में पुलिस ने एक मिनी ट्रक ड्राइवर के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। पूर्व में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर एडीएम सिद्धार्थ जैन ने आदेश जारी किए थे कि अब भीख मांगने और देने वालों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की जाएगी। इसी के तहत एमपी नगर पुलिस ने एक समाज सेवी की शिकायत पर भीख देने वाले ड्राइवर और अज्ञात भिखारी के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना पुलिस ने बताया कि समाज सेवी मोहन सिंह सोनी ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि बोर्ड ऑफिस चौराहे पर रेड सिग्नल के दौरान एक भिखारी वाहन चालकों से भीख मांग रहा था, तभी वहां खड़े मिनी ट्रक नंबर चालक एमपी 04 जीबी 3813 के ड्राइवर ने उसे भीख दे दी। मोहन ने दोनों के वीडियो बनाकर पुलिस को पेश कर दिए है। एमपी नगर पुलिस ने ट्रक के नंबर के आधार पर ड्राइवर और अज्ञात भिखारी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में दोनों व्यक्ति अज्ञात है, पुलिस सीसीटीवी कैमरों के जरिए उनकी तलाश कर रही है। गौरतलब है की कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर एडीएम सिद्धार्थ जैन ने 3 फरवरी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत धारा 163 (2) के तहत आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया था। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 में कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 25 जनवरी को पुलिस ने योगेंद्र भलावी की शिकायत पर एक भिखारी युवक को हिरासत में लिया था। योगेंद्र ने भीख मांगने पर उससे कहा था की वह हट्टे-कट्टे होने के बाद भी भीख क्यो मांगता है। यह सुनकर भिखारी उनसे अभद्रता करने लगा था।

### पटवारी ने महिला को बनाया हवस का शिकार, घर पर दिया वारदात को अंजाम

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है। अपराधी बेखौफ होकर लूट, दुष्कर्म, चोरी, चाकूबाजी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में श्योपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पटवारी ने एक महिला के साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के सामने आने के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। वहीं पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकरी के अनुसार, यह पूरी घटना श्योपुर जिले के ढोढर थाना क्षेत्र में हुई है। यहां एक पटवारी KYC का OTP लेने के बहाने महिला के घर आया था। इस दौरान महिला को अकेला पाकर पटवारी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद पटवारी वहां से फरार हो गया। जब महिला का पति घर लौटा तो उसने अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद महिला का पति उसे लेकर थाने पहुंचा और आरोपी पटवारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने इस मामले में FIR दर्ज कर ली है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने जताया शोक

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य दयानंद कुशवाह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# मंडी व्यापारियों के लायसेंस दस्तावेजों का सत्यापन कराएँ

## डबरा मंडी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने दिए निर्देश

### किसानों, हम्माल व तुलावटी के लिये पुख्ता बुनियादी सुविधायें रखने पर दिया जोर

ग्वालियर (ए.)। किसानों, हम्माल व तुलावटी के लिये मंडी परिसर में मूलभूत सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था करें। किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई दिक्कत न हो। साथ ही उनकी उपज की सही तौल हो और उन्हें सही दाम मिलें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कृषि उपज मंडी डबरा के निरीक्षण के दौरान एसडीएम व मंडी सचिव को दिए। उन्होंने डबरा मंडी के सभी लायसेंसधारी व्यापारियों के लायसेंस से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन करने की हिदायत भी उन्होंने दी। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने गुरुवार को डबरा कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेश पर्ची काउण्टर, मंडी के शेड व मंडी परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम डबरा श्री दिव्यांशु चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**डबरा बस स्टेण्ड के लिये प्रस्तावित स्थलों का भी किया निरीक्षण**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने भ्रमण के दौरान डबरा बस स्टेण्ड के लिये प्रस्तावित स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम हरीपुर, सहराई व ब्रिजपुर में बस स्टेण्ड के लिये प्रस्तावित की गई जमीन देखी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर बस स्टेण्ड के लिये जमीन तय की जाए।



**पिछोर पहुँचकर उर्स की तैयारियों की समीक्षा की**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान डबरा मंडी व बस स्टेण्ड के लिये प्रस्तावित जमीन के निरीक्षण के बाद पिछोर पहुँचीं। पिछोर स्थित परदेसी वाली दरगाह पर 14 फरवरी को आयोजित होने जा रहे उर्स मेला की तैयारियों की वस्तुस्थिति जानीं। उन्होंने उर्स समिति की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि उर्स में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए।

## माघ पूर्णिमा पर मोक्ष दायिनी शिप्रा में श्रद्धालुओं ने किया स्नान

उज्जैन (आरएनएस)। बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर मोक्ष दायिनी शिप्रा नदी में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। हालांकि प्रयागराज महाकुंभ के चलते पूर्णिमा का पर्व स्नान भी महत्वपूर्ण होता है। जिसके कारण शिप्रा तट पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा नही रही। जो कुछ श्रद्धालुओं पहुंचे थे, उन्होंने पहले स्नान किया। इसके बाद दान-पुण्य कर मंदिरों में दर्शन कर रवाना हो गए। इसी दिन शहर में कई स्थानों पर होलिका दहन के लिए पूजा-अर्चना कर डांडा रोपा गया। आज से ठीक एक महीने बाद होलिका दहन किया जाएगा। धार्मिक नगरी उज्जयिनी में मोक्ष दायिनी शिप्रा और देव मंदिर की उपस्थिति के कारण पर्व त्योहार के दौरान स्नान, दान-पुण्य का महत्व रहता है। बुधवार को माघ मास की पूर्णिमा होने से शिप्रा नदी के रामघाट पर स्नान करने का महत्व होता है। श्रद्धालु शिप्रा नदी में स्नान के बाद दान-पुण्य कर मंदिरों में भगवान के दर्शन लाभ लेते है। हालांकि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने ही नदी में डुबकी लगाकर देव दर्शन किए। वहीं पूर्णिमा का अवकाश होने से सुबह से ही श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ रही। माघ पूर्णिमा को डांडा रोपणी पूर्णिमा भी कहा जाता है।

## प्रभारी सचिव और रोजगार सहायक को नोटिस

दतिया (आरएनएस)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय कुमार तेम्रवाल ने प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत बड़गौर की प्रीति पाठक एवं ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक सुरेन्द्र जाटव को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों में कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर संतुष्टिपूर्ण अपना जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए है। अन्यथा उनके खिलाफ म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश के तहत अनुशासन एवं नियंत्रण की कंडिका 15 के अनुसार कर्तव्य निर्वाहन में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता प्रमाणित होने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों के प्रति घोरलापरवाही करते हुए निर्माणाधीन गौशालाओं के निर्माण कार्यो में रूचि नहीं ली गई एवं सूचना पत्र जारी कर बैठकों में उपस्थित रहने की सूचना पर भी बैठकों में अनुपस्थिति पाए गए है। उन्होंने वर्ष 2020-21से अभी तक तीन वर्षो में निर्माण कार्या पूर्ण नहीं कराए गए है।

## ग्राम सेंगुवा में 17 लाख के विकास कार्यो का हुआ भूमि पूजन

**ग्राम सेंगुवा में 17 लाख के विकास कार्यो का हुआ भूमि पूजन**

दतिया (आरएनएस)। सेवढा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेगुवा में बनने वाले 17 लाख की लागत के सेंगुवां ग्राम का प्रवेश द्वार निर्माण लागत दो लाख रुपए, शांति धाम की बाउंड्री बाल निर्माण एवं गेट लागत 10 लाख रुपए, मेला ग्राउंड में सीसी निर्माण कार्य लागत 5 लाख रुपए का भूमि पूजन मुख्य अतिथि सेवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेश चौधरी ने की। मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल ने निर्माण कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि सरकार की सोच हमेशा विकास की रही है और हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर वर्ग के लिए हर क्षेत्र में काम करने की नीति बनाई है हर गांव में पक्की सड़क होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए बजट में आवास स्वीकृत किए जाएंगे और हर गरीब के सिर पर पक्की छत होगी और मुझे जो राशि मिलती है उस राशि से अधिक से अधिक विकास कार्य एवं लोगों के काम कर सकूं यही प्रयास मेरा हमेशा रहेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान मंच पर सरपंच नीरज यादव, अनूप दांतरे, रामअनुग्रह गुर्जर, सुजान रावत, राममिलन चौधरी, भगवान सिंह यादव, संतोष महते, कवि कमरिया, अमजद खान, केपी गुर्जर, सरपंच मनीष शर्मा, सरपंच रणवीर सिंह महते, मनोज तिवारी, राजू यादव अटल यादव, सोनू गुप्ता, सुदीप यादव, हिम्मत राजपूत, आज्ञाराम बघेल, संतोष खटीक, दीपक यादव, राजू कुशवाहा, चंद्रपाल भदोरिया, हेमनंदन खरे, पियूष माझी, कल्याण सिंह शाक्य, पवन पाठक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे ट्रक से टकराई, दो मौत

आगर मालवा (आरएनएस)। आगर-मालवा में कार और ट्रक की टक्कर हो गई। कार राइट साइड पलट गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। एक अन्य की हालत गंभीर है। ट्रक ड्राइवर मौके से भाग निकला। एक्सीडेंट मंगलवार देर रात महुड़िया जोड़ के पास हुआ। जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग पहुंचे। जेसीबी की मदद से कार को सीधा किया। इसमें तीन लोग फंसे थे। उन्हें निजी वाहन और एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे ट्रक से साइड से जा टकराई। कोतवाली थाना प्रभारी अनिल कुमार मालवीय ने बताया- ट्रक नंबर एमपी 17 एचएच 1820 और कार नंबर एमपी 70 सी 0590 के बीच टक्कर हो गई। इसमें कार सवार 25 वर्षीय गोविंद कुशवाहा और 25 वर्षीय नितिन गवली की मौके पर ही मौत हो गई। राजा गवली घायल है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा एक ढाबे के सामने हुआ, जहां लगे सीसीटीवी कैमरे में इसका वीडियो कैद हो गया। ढाबा संचालक पवन यादव ने बताया, 'रात करीब 10.48 बजे धमाके की आवाज आई। हम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और एंबुलेंस को कॉल किया।

## महिला शिक्षिका ने छात्राओं से दबवाए पैर

सिवनी (आरएनएस)। महिला शिक्षिका का छात्राओं से पैर दबवाने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो में शिक्षिका सुजाता मड़के कुर्सी पर बैठी 6-7 छात्राओं से पैर दबवाती हुई दिख रही हैं। वीडियो 10-15 दिन पुराना बताया गया। बुधवार को इसके सामने आते ही आदिवासी जनजाति विभाग की क्षेत्र संयोजक पूजा उइके ने मामले को जांच में लिया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया एक्स पर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा, भाजपा सरकार में आदिवासियों का सम्मान तो कभी नहीं हुआ, अब देवी समान बेटियों का भी अपमान किया जा रहा है। मामला जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र के जनता नगर के आदिवासी आश्रम का है। महिला शिक्षिका को आज निलंबित किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही गुस्साए परिजन महिला शिक्षिका सुजाता मड़के से बात करने पहुंचे। शिक्षिका ने कहा फाउंडेशन लिट्रेसी एंड न्यूमेरिसी की ट्रेंनिग हुई है, जिसमें बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देना सिखाया जाता है। मुझ पर गलत इल्जाम लगाया जा रहा है। मैं बच्चों को गणित की पढ़ाई करा रही थी। बच्चियां मेरी उंगलियां और टेबल के नीचे रखे पत्थर गिन रही थीं। यदि आपको लगता है कि मैं आपके बच्चों को पढ़ाने लायक नही हूं तो हटा दीजिए। मामला सामने आने के बाद शिक्षिका को आदिवासी जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सतेंद्र मरकाम ने निलंबित कर दिया है। जानकारी है कि पहले महिला शिक्षिका सुजाता मड़के कुरई छात्रावास में अधीक्षिका के पद पर थी। तब 6 जून 2024 को अनियमितता के आरोप में उन्हें निलंबित किया था। हालांकि, ढाई माह पहले बहाल होने के बाद आदिवासी आश्रम कार्यरत हो गई थीं।

## सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक गांव-गांव बाटेंगे पीले चावल, देंगे कन्या विवाह का आमंत्रण

छतरपुर (आरएनएस)। सिद्ध क्षेत्र बागेश्वर धाम में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशाल सामूहिक कन्या विवाह महा महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन में गांव-गांव के लोगों को शामिल करने के लिए बागेश्वर महाराज पीले चावल बंटवा रहे हैं। चूंकि बागेश्वर धाम राजनगर जनपद क्षेत्र में आता है इसलिए यहां के जनप्रतिनिधियों, लोक सेवकों और अधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने बुधवार को जनपद पंचायत राजनगर की सभी ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच तथा रोजगार सहायकों को बुलाकर उनकी बैठक ली और उन्हें गांव-गांव पीले चावल बांटने की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के अलावा



राजनगर जनपद सीईओ राकेश सिंह, मुकेश पांडे, गढ़ा सरपंच सत्यप्रकाश पाठक सहित क्षेत्र की 97 पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक मौजूद रहे। आयोजन समिति के सदस्य निशांत नायक ने बताया कि बागेश्वर धाम में 20 फरवरी से 26 फरवरी तक विशाल कन्या विवाह महा महोत्सव आयोजित हो रहा है। यह बुंदेलखंड का एक अद्भुत महोत्सव है। बालाजी की कृपा से यहां भारत के विभिन्न प्रांतो से बेटियों का चयन कर उन्हें परिणय सूत्र में बांधा जाता है। नायक ने बताया कि इस वर्ष बागेश्वर धाम सरकार ने 251 कन्याओं के विवाह करने का संकल्प लिया है। इस विशाल आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हो इसलिए राजनगर क्षेत्र के सभी सरपंचों, रोजगार सहायकों, सचिवों को बुलाकर उन्हें बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने जिम्मेदारी दी कि वे गांव गांव जाकर पीले चावल देते हुए लोगों को महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दें। सरपंच सचिव 5 दिन के कार्यक्रम में पानी के टैंकर उपलब्ध कराएंगे ताकि सब लोगों को पानी आसानी से उपलब्ध हो सके। जनपद सीईओ राकेश शुक्ला ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री को भरोसा दिलाया कि 19 फरवरी दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत के सरपंच सचिवों को ट्रैक्टर टैंकर सहित उपस्थित कराया जाएगा।

# व्यापार समाचार

## भारतीय शेयर बाजार में तेजी, निफ्टी 23,120 स्तर से ऊपर

मुंबइ (आरएनएस) । मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.45 बजे, सेंसेक्स 244.25 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 76,415.33 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 79.25 अंक या 0.34 प्रतिशत चढ़कर 23,124.50 पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,528 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 781 शेयर लाल निशान में थे। निफ्टी बैंक 85.65 अंक या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 49,565.10 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 35.55 अंक या 0.07 प्रतिशत चढ़कर 50,791.95 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 37.75 अंक या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के बाद 15,995.25 पर था।इस बीच, सेंसेक्स पैक में, जोमैटो, कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, इंफोसिस, टाटा स्टील, एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स रहे। टाइटन, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक और एनटीपीसी टॉप लूजर्स रहे।

अमेरिकी बाजारों में आखिरी कारोबारी सत्र में डॉव जोन्स 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,368.56 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.27 प्रतिशत गिरकर 6,051.97 पर और

## गोदरेज ग्रुप ने एयरो इंडिया के दौरान रणनीतिक समझौता ज्ञापनों पर किए हस्ताक्षर

मुंबई(आरएनएस) । गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की कंपनी, गोदरेज एंड बॉयस का एयरोस्पेस व्यवसाय भारत सरकार द्वारा समर्थित राष्ट्रीय कार्यक्रमों में योगदान करने के लिए बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया 2025 के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर कर देश के आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ कर रहा है।

भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के साथ हुआ यह समझौता देश के उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम के लिए फ्लाइट कंट्रोल एक्चुएटर के देश में विनिर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता ज्ञापन फ्लाइट-क्रिटिकल डीडीवी-आधारित सर्वो एक्चुएटर और संबंधित कार्यात्मक तत्वों (फंक्शनल एलिमेंट) के लिए कल-पुर्जे़ विकसित करने के लिहाज़ से एडीए के साथ गोदरेज की दो दशक लंबी साझेदारी पर आधारित है। यह सहयोग महत्वपूर्ण एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप इस समझौता ज्ञापन के तहत, एएमसीए के लिए फ्लाइट कंट्रोल एक्चुएटर का व्यापक विकास करेगा, जिसमें सटीक विनिर्माण, एयरोस्पेस-ग्रेड कच्चे माल की खरीद, असेंबली तथा परीक्षण, और योग्यता परीक्षणों के लिए परीक्षण रिग का विकास शामिल है। यह व्यवसाय बिल्ट टू प्रिंट से बिल्ट टू स्पेक क्षमता हासिल करने की ओर अग्रसर है और अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं तथा डिज़ाइन क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए 3डी प्रिंटिंग जैसी परिवर्तनकारी टेक्नोलॉजी को अपना रहा है।

यह उन्नत टेक्नोलॉजी एक ही प्रिंटिंग प्रक्रिया में जटिल कल-पुर्जे़ के निर्माण को सक्षम बनाती है, जिससे कई पारंपरिक उत्पादन चरणों को समाप्त किया जा सकता है और परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है।

## अदाणी ग्रुप ने भारत की सबसे बड़ी स्किल एंड एंप्लॉय पहल के लिए दान किए 2,000 करोड़

अहमदाबाद (आरएनएस) । देश में इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स तैयार करने के लिए अदाणी ग्रुप ने सिंगापुर के आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ बुधवार को साझेदारी का ऐलान किया। इस साझेदारी का उद्देश्य ग्रीन एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, हाई-टेक, प्रोजेक्ट एक्सीलेंस और इंडस्ट्रियल डिजाइन जैसे क्षेत्रों में स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार करना है।

इस लक्ष्य के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए अदाणी परिवार 2,000 करोड़ रुपये दान देगा। यह हाल ही में अदाणी ग्रुप द्वारा घोषित 10,000 करोड़ रुपये के सामाजिक दान का हिस्सा है। मंगलवार को कंपनी ने अमेरिका स्थित मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी में अदाणी हेल्थ सिटीज (एएचसी) के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये दान करने का ऐलान किया था।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि कंपनी गुजरात के मुंद्रा में दुनिया का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक फिनिशिंग स्कूल लॉन्च कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि सिंगापुर के आईटीईईएस के साथ साझेदारी में भारत की सबसे बड़ी स्किल एंड एंप्लॉय पहल का ऐलान करके खुशी हो रही है।

अरबपति कारोबारी ने कहा कि यह अत्याधुनिक सुविधा एआई-संचालित इमर्सिव लर्निंग को अत्याधुनिक इनोवेशन सेंटरों के साथ मिश्रित करेगी और मेक इन इंडिया में तेजी लाने में मदद करने के लिए सालाना 25,000 से अधिक शिक्षार्थियों को प्रशिक्षित करेगी। ये शिक्षार्थी आईटीआई या पॉलिटेक्निक से व्यावसायिक और तकनीकी योग्यता वाले नए स्नातक और डिप्लोमा धारक होंगे और स्कूलों के भीतर एक गहन बूट कैम्प अनुभव के लिए चुने जाएंगे।

इनमें से प्रत्येक फिनिशिंग स्कूल को अदाणी ग्लोबल स्किल्स एकेडमी कहा जाएगा, जो भारत में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा पृष्ठभूमि के छात्रों का चयन करेगा, जो उनके उद्योग और भूमिका आकांक्षाओं के अनुरूप होंगे। एक बार जब ये छात्र अध्ययन के अपने चुने हुए क्षेत्र में प्रमाणित हो जाएंगे, तो उन्हें उनकी भूमिका और प्रशिक्षण के क्षेत्र के आधार पर अदाणी समूह के साथ-साथ इंडस्ट्री में रोजगार प्रदान किया जाएगा।

कंपनी ने कहा, इससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रशिक्षित पेशेवर पहले दिन, पहले घंटे से उद्योग के लिए तैयार होंगे और उत्कृष्टता में वैश्विक मानकों के अनुरूप होंगे। इस साझेदारी में आईटीईईएस सिंगापुर की भूमिका एक नॉलेज पार्टनर की होगी।

## राजस्थान : एमएसपी पर मूंगफली खरीद अवधि 28 फरवरी तक के लिए बढ़ाई

जयपुर (आरएनएस) । राज्य में किसान और खेती मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहली प्राथमिकता है। इसी कड़ी में राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद प्रक्रिया को लगातार सुलभ बनाया गया है। प्रदेश में मूंगफली खरीद की अवधि को 28 फरवरी तक बढ़ाया गया है।

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को पत्र लिखकर खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था। दक ने बताया कि भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार पूर्व में पंजीकरण करवा चुके किसान उक्त बढ़ी हुई अवधि में अपनी जिन्स का विक्रय कर सकेंगे। इसके अंतर्गत नए पंजीकरण नहीं होंगे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त पात्र किसानों से नियमानुसार तुलाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे मूंगफली विक्रय के इच्छुक किसान तुलाई से वंचित नहीं रहे। साथ ही, किसानों को तुलाई केन्द्रों पर कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए भी सभी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

# ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों पर कसा शिकंजा, ये काम करने में विफल रही तो लगेगा 10 लाख रुपए तक का जुर्माना

नई दिल्ली (आरएनएस) । सरकार ने अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) और एसएमएस से निपटने वाले संशोधित नियमों को लागू करने में विफल रहने पर टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है। सरकार द्वारा यह चेतावनी उपभोक्ता संरक्षण को और मजबूत करने के मद्देनजर दी गई है।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने टेलीकॉम कमर्शियल कम्युनिकेशन कस्टमर प्रेफरेंस रेगुलेशंस (टीसीसीसीपीआर), 2018 में संशोधन पेश किए हैं। इसका उद्देश्य दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग के उभरते तरीकों से निपटना और उपभोक्ताओं के लिए अधिक ट्रांसपैरेंट वाणिज्यिक संचार इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है।

ट्राई ने कहा, यूसीसी की गिनती की गलत रिपोर्टिंग के मामले में एक्सेस प्रोवाइडर्स पर उल्लंघन के पहले मामले में 2 लाख रुपये, उल्लंघन के दूसरे मामले में 5 लाख रुपये और उल्लंघन के बाद के मामलों में 10 लाख रुपये का वित्तीय हतोत्साहन (एफडी) लगाया जाएगा।

दूरसंचार नियामक ने कहा, यह वित्तीय हतोत्साहन पंजीकृत और अपंजीकृत सेंडर के लिए अलग-अलग लगाए जाएंगे।

इसके अलावा, ये एफडी शिकायतों को अवैध तरीके से बंद किए जाने और मैसेज हेडर और कंटेंट टेम्पलेट्स के रजिस्ट्रेशन को लेकर अपने दायित्वों को पूरा नहीं करने के खिलाफ एक्सेस प्रोवाइडर्स पर लगाए गए एफडी के अतिरिक्त होंगे। दूरसंचार मंत्रालय के अनुसार, संशोधनों का उद्देश्य यह है कि वैध वाणिज्यिक संचार रजिस्टर्ड संस्थाओं के माध्यम से




हो, जो ग्राहकों की वरीयता और सहमति पर आधारित हो। इससे देश में वैध आर्थिक गतिविधियों का समर्थन करने की जरूरत के साथ उपभोक्ताओं के हितों को संतुलित किया जा सकेगा।उपभोक्ता अब वाणिज्यिक संचार को ब्लॉक और रिसीव करने के लिए अपनी प्राथमिकताएं दर्ज किए बिना अपंजीकृत सेंडर द्वारा भेजे गए स्पैम (यूसीसी) कॉल और संदेशों के खिलाफ शिकायत कर सकेंगे।

संशोधित मानदंडों के अनुसार, शिकायत प्रक्रिया को सरल और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, यह अनिवार्य किया गया है कि अगर ग्राहक द्वारा की गई शिकायत में न्यूनतम आवश्यक डेटा जैसे कि शिकायतकर्ता की संख्या, स्पैम/यूसीसी भेजने वाले सेंडर की संख्या, जिस तारीख को स्पैम प्राप्त हुआ और यूसीसी वॉयस कॉल/संदेश के बारे में संक्षिप्त जानकारी शामिल है, तो शिकायत को वैध शिकायत माना जाएगा।

इसके अलावा, अब ग्राहक स्पैम/यूसीसी के बारे में शिकायत स्पैम प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर कर सकते हैं, जबकि पहले यह समय सीमा 3 दिन थी।ट्राई ने कहा, अपंजीकृत सेंडर से यूसीसी के खिलाफ एक्सेस प्रोवाइडर्स द्वारा कार्रवाई करने की समय सीमा 30 दिनों से घटाकर 5 दिन कर दी गई है। यूसीसी भेजने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए, उनके खिलाफ कार्रवाई करने के मानदंड को संशोधित किया गया है और अधिक कठोर बनाया गया है।

पहले कार्रवाई शुरू करने के लिए 'पिछले 7 दिनों में सेंडर के खिलाफ 10 शिकायतें होने' के मानदंड की तुलना में इसे संशोधित कर पिछले 10 दिनों में सेंडर के खिलाफ 5 शिकायतें होने के रूप में संशोधित किया गया है।नियामक के अनुसार, इससे तेजी से कार्रवाई संभव होगी और साथ ही अधिक संख्या में स्पैमर को कवर किया जा सकेगा। संशोधित नियम ट्राई को अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय डिजिटल कम्युनिकेशन एनवायरमेंट को बढ़ावा देते हुए उपभोक्ता हितों की रक्षा करने में सक्षम बनाएंगे।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## रहस्यमय बीमारी से मौतें

दिल्ली एम्स के विशेषज्ञों के दल ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में रहस्यमय बीमारी की चपेट में आए 11 मरीजों से मुलाकात की। वे बधाल गांव भी गए, जहां इस बीमारी के कारण मौतें हुई हैं तथा उस इलाके का दौरा कर सील किए गए घरों व आस-पास के इलाकों का नमूने एकत्र किए, जिनकी जांच की जाएगी। विशेषज्ञों के दल ने उन मरीजों की भी जांच की जो निगरानी में हैं। जैसा कि बधाल गांव में तीन परिवारों के सत्रह लोगों की अज्ञात कारणों से अचानक हुई मौत को लेकर यह मामला सामने आते ही 87 परिवारों के 364 व्यक्तियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। शेष 808 परिवारों के 3700 लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गांव को चौदह समूहों में विभाजित किया। मृतकों के नमूनों में न्यूरोटॉक्सिन पाए जाने के एसआईटी का गठन किया गया था।

जो आपराधिक पहलू की भी जांच कर रहा है। लखनऊ की विष विज्ञान प्रयोगशाला में हुई शुरुआती जांच में मौत के कारणों में कोई संक्रमण, वायरस या बैक्टीरिया नहीं है। बल्कि कोई विषाक्त पदार्थ बताया गया। भर्ती मरीजों के इलाज के लिए भी विषरोधी औषधियों का ही प्रयोग किया जा रहा है। हालांकि बीते दस दिनों से कोई नया मामला न आने पर राहत की सांस ली जा रही है। कोविड-19 संक्रमण की दहशत के कारण अचानक हुई इन मौतों को लेकर आमजन का भयभीत होना लाजमी है।

उस पर भी मरने वालों को बुखार, गले में दर्द, उल्टी या डायरिया जैसी दिक्कतें होने के चलते सभी दहशत से भर गए। चिकित्सकों द्वारा यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि यह कोई संक्रमण नहीं है, न ही यह महामारी में तब्दील होने की आशंका है। उनका अनुमान था कि यह वायरल, बैक्टीरिया, प्रोटोजोल या जूनोटिक संक्रमण हो सकता है या नर्वस सिस्टम को प्रभावित करने वाली किसी चीज की भी आशंका व्यक्त की गई है।

मगर इलाके के इर्द-गिर्द व प्रशासन ने फौरी तौर पर एहतियातन चुस्ती से काम लिया। उन्हें खाने-पीने की चीजें मुहैया कराई और सार्वजनिक तौर पर मिलने-जुलने पर भी रोक लगाई। अपने यहां अफवाह के कारण भय फैलाने वाली मानसिकता भी है। दूसरे, पड़ोसी मुल्क द्वारा शरारत से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जिस तेजी से हालात को संभालने का प्रयास जारी है, वह जल्द ही हकीकत से पर्दा उठाने में सफल हो सकता है।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए।

### पुण्य स्मारण


# राष्ट्र सेवी विचित्र कुमार सिन्हा जी के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेते हैं, समाज सेवी

**अशोक मनवानी**

जब भी राष्ट्र प्रेम और अपने देश के लिए अनुराग की चर्चा होती है, तो मध्यप्रदेश का विशेष उल्लेख होता है। भारत के हृदय प्रदेश की पहचान सिर्फ सघन वन,वन्य प्राणी और प्रकृति का सौंदर्य ही नहीं बल्कि ऐसे राष्ट्र भक्त नागरिक और समर्पित समाज सेवी हैं, जिन्होंने अपना जीवन ओरों के लिए खपा दिया। ऐसे ही एक राष्ट्र प्रेमी गुना जिले में वर्ष 1924 में जन्मे श्री विचित्र कुमार उमाचरण सिन्हा हैं,जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में कई आदर्श स्थापित किए।

ईश्वर ने कुछ ऐसे मनुष्यों की हर युग में रचना की है जो बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी होते हैं। स्वाभाविक रूप से समाज और राष्ट्र को ऐसे व्यक्तित्व एक जीवन में तीन या चार जीवन अर्थात डेढ़ सौ-दो सौ वर्ष जीवन के समान योगदान दे देते हैं। श्री विचित्र कुमार सिन्हा न सिर्फ पत्रकारिता बल्कि साहित्य, समाज सेवा और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी सक्रिय रहे। बाल्यकाल से अपने देश से बहुत लगाव रखने वाले विचित्र कुमार जी भारत माता को स्वतंत्र करवाने का जज्बा रखते थे। यही कारण है कि सिर्फ 15 वर्ष की उम्र में उनकी भागीदारी झंडा सत्याग्रह में रही। उन्होंने स्वदेशी आंदोलन से जुड़कर सामाजिक उद्देश्य के लिए कार्य किया। भोपाल में मित्र मंडल की स्थापना की। वर्ष 1940 में सिर्फ 16 वर्ष की आयु में भोपाल रियासत के प्रथम हिन्दी विद्यालय और अनुसूचित जाति की पाठशाला की स्थापना के लिए योगदान दिया।

लेखन और पत्रकारिता का जुनून उन्हें इस कदर गतिशील बनाए रखता था कि वे सुबह से रात तक राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को सामने रखकर न सिर्फ स्वयं कार्य करते थे बल्कि अपने साथियों को भी रचनात्मक भूमिका के लिए प्रेरित करते थे। श्री विचित्र कुमार जी ने राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं के लिए लेखन कार्य किया। उनके स्वयं के



प्रकाशनों में हस्त लिखित पत्रिका मित्र देश भी शामिल है। उन्होंने विद्रोह और चित्रकार से नामक काव्य संग्रह प्रकाशित करवाए। पिछली सदी के पूर्वार्द्ध में भारत में लघु कथा की शुरूआत माधवराव सप्रे की लघु कथा एक टोकरी मिट्टी से मानी जाती है। दरअसल लघु कथाएं सीमित शब्द सीमा के साथ सम्पूर्ण कथात्मक अनुभव व्यक्त करती हैं। यह लघु कथाएं मौखिक कथाओं की परम्परा से जुड़ी हैं। श्री विचित्र कुमार सिन्हा बहुत अच्छी लघु कथाएं लिखा करते थे। तत्कालीन समाज का परिदृश्य जानना हो तो सिन्हा जी की लघु कथाओं से जाना जा सकता है। उनका स्वयंवरा नामक लघु कथा संग्रह काफी लोकप्रिय हुआ। वर्ष 1945 से 1967 तक उन्होंने पंचशील और ब्लिटज का प्रकाशन किया। वर्ष 1973 से उन्होंने साप्ताहिक विचित्र विनोद का प्रकाशन किया जो अब सिन्हा जी के सुयोग्य पुत्र कृष्णकान्त सक्सेना जी के द्वारा दैनिक के रूप में एक बीज के वट वृक्ष के रूप में परिवर्तित होने का सुखद प्रमाण है। यही नहीं सिन्हा जी की तीसरी पीढ़ी के विलक्षण सक्सेना दादा जी के सद्गुण अपना कर अलग पहचान बना रहे हैं। परिवार का मुखिया अपने कृतित्व से परिवार की विशेष पहचान स्थापित करने का यत्न करता है। सिन्हा और सक्सेना परिवार प्रदेश की राजधानी भोपाल के प्रबुद्ध परिवारों का प्रतिनिधित्व करता है। प्रति वर्ष परिवार द्वारा विचित्र कुमार जी की जयंती पर विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने की सुदृढ़ परम्परा स्थापित हो चुकी है। विचित्र कुमार सिन्हा जी की जयंती पर होने वाला समारोह एक पारिवारिक उत्सव की भांति भागीदारी करने वालों में ऊर्जा और प्रसन्नता का संचार करता है। विशेष बात यह है कि वर्ष 1996 से 2024 तक निरंतर सिन्हा जी का जयंती समारोह निर्बाध रूप से सम्पन्न हुआ है। कोरोना काल में भी परिवार का उत्साह कम नहीं हुआ। परिजन संक्रमित भी हुए लेकिन सिन्हा साहब की जयंती का जोश प्रभावित नहीं हुआ। इसके पहले साल 2001 में परिवार ने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया जब गुजरात के भूकम्प प्रभावित नागरिकों की सहायता के लिए परिवार ने जयंती समारोह स्थगित कर सहयोग राशि गुजरात के नागरिकों तक पहुंचाने का कार्य किया। श्री विचित्र कुमार सिन्हा ने राष्ट्र कल्याण और परहित धर्म के पालन के लिए जीवन समर्पित किया। इस नाते प्रतिवर्ष उनका स्मरण अन्य संस्थाओं और समाज सेवियों को प्रेरणा देने का कार्य भी करता है। राष्ट्र सेवी स्वर्गीय विचित्र कुमार सिन्हा जी की सेवाओं को प्रणाम और उन्हें शत-शत नमन।

# बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर

**भारत डोगरा**

प्राकृतिक खेती को बेहतर गुणवत्ता के खाद्यों के उत्पादन और पर्यावरण की दृष्टि से बहुत उपयोगी माना जा रहा है, और इस आधार पर ही इसके अधिक प्रसार की चर्चा है।

इसके साथ-साथ प्राकृतिक खेती से एक अन्य महत्त्वपूर्ण लाभ यह भी प्राप्त हो सकता है कि इससे गोवंश की रक्षा की नई और अधिक संभावनाएं उत्पन्न होती हैं।

प्राकृतिक खेती में खाद के रूप में सबसे अधिक उपयोग गोवंश के गोबर और मूत्र का होता है, विशेषकर गाय के गोबर और मूत्र का। इसके अतिरिक्त फसलों की हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा के लिए भी इस गोबर और मूत्र को अत्यधिक उपयोगी माना गया है। इस महत्त्व को स्वीकार करते हुए अब अनेक गांवों में ऐसे प्राकृतिक कृषि केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं, जहां गोवंश के गोबर और मूत्र का ही अधिक उपयोग करते हुए खाद और हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा की दवा बनाई जा रही हैं। जैसे-जैसे इसका प्रसार बढ़ेगा, वैसे-वैसे गांववासियों को लगेगा कि गाय यदि दूध देने की स्थिति में नहीं है तो भी उसके गोबर और मूत्र का भी बहुत उपयोग है।

इस स्थिति में यह संभावना बढ़ेगी कि गोवंश की रक्षा अधिक बड़े पैमाने पर और अधिक निष्ठा के साथ की जाए। यदि गोवंश के गोबर और मूत्र पर आधारित खाद और दवा अधिकांश किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिल जाए तो इससे प्राकृतिक खेती का प्रसार कहीं अधिक हो सकेगा, अच्छी गुणवत्ता के स्वास्थ्य के अनुकूल खाद्य बड़ी मात्रा में उपलब्ध हो सकेंगे और साथ में गोवंश की अधिक रक्षा हो सकेगी, उनके लिए गोशालाएं वहीं बड़ी संख्या में स्थापित हो सकेंगी और उन्हें आवारा और बेसहारा घूमने के लिए नहीं छोड़ा जाएगा। आज देश में गोशालाएं चल तो रही हैं पर प्राय: उनकी स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें ठीक बजट उपलब्ध हो भी जाए तो अनेक स्थानों पर भ्रष्टाचार के कारण कठिनाइयां आ जाती हैं और गोशाला में रखे पशुओं को ठीक से पोषण नहीं मिल पाता है। कभी-कभी तो यहां रखे गए पशुओं को बहुत कष्ट सहना पड़ता है।

दूसरी ओर, जब गोबर और गोमूत्र का सही उपयोग होगा, वैज्ञानिक ढंग से इसका संग्रहण और सदुपयोग होगा, तो गोशालाओं को इस तरह आय भी प्राप्त हो सकेगी और विभिन्न कुटीर उद्योग भी यहां पनप सकते हैं। इस सब नियोजन में एक विशेष बात का ध्यान रखना है-बैल की रक्षा की जिम्मेदारी को भी समझना है। प्राय: गाय की रक्षा की जिम्मेदारी को समझा जाता है, और गाय के दूध के अधिक स्वास्थ्यवर्धक होने को तो अब बहुत से लोग अधिक मान्यता देने लगे हैं। दूसरी ओर, बैलों की रक्षा की जिम्मेदारी को अभी तक बहुत से लोग स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

अब इसे रेखांकित कर कहना चाहिए कि गोवंश की रक्षा की जिम्मेदारी तब तक पूरी नहीं हो पाएगी जब तक हम गायों के साथ बैलों की भी जिम्मेदारी को नहीं समझते हैं, और उन्हें नहीं संभालते हैं। बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर है। सैकड़ों वर्षो से वे भारतीय किसान के सबसे नजदीकी सहयोगी रहे हैं। प्रेमचंद की विख्यात कहानी दो बैलों की कथा' हो या इसी पर आधारित फिल्म हीरा-मोती' में अनेक स्तरों पर बैलों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया है। बैलों पर आधारित खेलों का आयोजन भी देश में होता रहा है। जुताई, सिंचाई, यातायात, कोल्हू, फसल को मंडी तक पहुंचाने जैसे कितने ही महत्त्वपूर्ण कायरे में बैलों की महत्त्वपूर्ण सहायता मिल रही है। हालांकि ट्रैक्टरों के आगमन से बैलों का उपयोग अनेक स्थानों पर कम हुआ पर बहुत से खेतों में आज भी इनकी उपस्थिति बनी हुई है। जलवायु बदलाव के दौर में फॉसिल फ्यूल कम करने पर भी नये सिरे से जोर दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती का महत्त्व बढ़ रहा है।

इन सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए गहरी चिंता का विषय है कि केंद्र सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ऐसी नीति और तकनीकी का प्रसार हो रहा है, जिससे बैलों के जन्म की संभावना ही बहुत कम रह जाएगी। इस लेखक ने हाल के समय में अनेक गांवों के किसानों और पशुपालकों से इस बारे में चर्चा की और उन सबने एक स्वर में कहा कि ऐसी नीति और तकनीकी उचित नहीं है और सरकार को इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए।

आखिर, यह तकनीकी और इस आधार पर नीति क्या है, और किस आधार पर इसका प्रचार सरकारी स्तर पर हो रहा है? इस तकनीकी का नाम है सैक्स सार्टिड सीमेन टेक्नोलॉजी अथवा लिंग निश्चित करने वाली वीर्य तकनीकी। इस तकनीकी के विकास में दावा किया जाता है कि इसके आधार पर जो गर्भ करवाए जाएंगे उनमें लगभग 90 प्रतिशत संभावना होगी कि बछिया का ही जन्म होगा और बछड़े के जन्म लेने की संभावना बहुत कम होगी। दूसरे शब्दों में देश में गायों की संख्या में तेजी आएगी जबकि बैलों की संख्या नगण्य हो जाएगी। यह स्थिति इस तकनीक के माध्यम से प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस तकनीक और नीति के पक्ष में कहा जा रहा है कि दूध उत्पादन बढ़ेगा, आवारा पशुओं की संख्या कम होगी। पर यह दावा उचित नहीं लगता है क्योंकि यह तकनीकी मूलत: प्रकृति के विरुद्ध है। कोई बच्चा भी बता सकता है कि किसी भी प्रजाति के स्वस्थ और संतुलित विकास के लिए नर-मादा, दोनों का संतुलित विकास जरूरी है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन खत्म होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे जिससे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को अच्छी खबर मिलने की संभावना है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता तथा व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी क्षेत्रों सेवारत हैं उन लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे तथा महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में भी उचित समय बीतेगा। आज किसी भी कार्य को लापरवाही की वजह से अधूरा ना छोड़। आज दूसरों के व्यक्तिगत मामलों से भी ख़ुद को दूर ही रखें। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान तथा आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में समस्या बन सकता है। अच्छे रिजल्ट के लिए किसी का मार्गदर्शन अवश्य लें। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा।

तुला राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में ख़ुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज के दिन का भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। यह समय अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अनुभवी लोगों के साथ रहकर बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने की खुशी में आपके ऊपर थकान हावी नहीं होगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों के मामले में किसी पर भी अधिक भरोसा न करें। व्यवसायिक व्यवस्था बेहतर होगी तथा कर्मचारियों का भरपूर सहयोग बना रहेगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित काम हो सकता है। कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे। वर्तमान स्थिति पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखें। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मान-सम्मान और मार्गदर्शन की अवहेलना न करें। आज किसी भी अपरिचित व्यक्ति से अपनी व्यक्तिगत योजनाएं शेयर न करें ।

# खुदकुशी की सिलसिले को रोकने की जरूरत

**आनंद अग्निहोत्री**

कभी राजस्थान का कोटा शहर जिसे प्री-इंजीनियरिंग एग्जाम और मेडिकल एंट्रेस टेस्ट के मामले में देशभर में डंका बजाने वाला माना जाता था, अब कोचिंग स्टूडेंट की आत्महत्या का हब बनता जा रहा है।

अभिभावक यह सोचकर अपने बच्चों को कोचिंग में अध्ययन करने के लिए कोटा भेजते हैं कि उनके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। वे इंजीनियरिंग अथवा डॉक्टरी की शिक्षा में एडमीशन ले सकेंगे, अपने बच्चों को वे तमाम तरह के सब्जबाग दिखाते हैं, लेकिन तमाम केस ऐसे हो रहे हैं कि बच्चा असफल होने पर आत्महत्या कर लेता है और अभिभावक हाथ मलते रह जाते हैं।

जनवरी, 2025 में ही छह छात्रों के आत्महत्या कर लेने से एक बार कोटा फिर भयावह नजर आने लगा है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर कोटा में कोचिंग सेंटर्स में पढने वाले छात्र असफल होने पर क्यों आत्महत्या कर लेते हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

आत्महत्याओं के बढ़ते आंकड़ों से लोग अब अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजने से कतराने लगे हैं। पिछले 10 साल में कम से कम 127 विद्यार्थियों की खुदकुशी के मामले सामने आए हैं, अब यह आंकड़ा और तेजी से बढ़ रहा है। इसे सरकारी तंत्र की विफलता मानें या कोचिंग सेंटल संचालकों की उदासीनता, पढ़ाई का दबाव झेलने में नाकाम रहने वाले विद्यार्थियों की मौत का आंकड़ा थमता नजर नहीं आ रहा है। ऐसा नहीं है कि सरकार ने ऐसे घटनाक्रम रोकने के लिए प्रयास न किए हों। कई बार गाइडलाइंस जारी की गई हैं, लेकिन आत्महत्या का यह सिलसिला रुकता नजर नहीं आ रहा है।

यक्ष प्रश्न यह है कि खुदकुशी के इस दर्दनाक खेल के लिए किसे कठघरे में खड़ा किया जा सकता है। आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बालक अच्छी से अच्छी सेवा में जाएं और उनका नाम रोशन करें। जो माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर बनाना चाहते हैं वे अपने बच्चों को कोटा के कोचिंग सेंटर्स से तैयारी कराते हैं। इसमें दो राय नहीं कि डॉक्टरी और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए कोटा सर्वोत्तम हब माना जाता है।

जाहिर है कि लोगों का ध्यान कोटा पर केंद्रित हो, लेकिन अभिभावक यह नहीं देखते कि उनका बच्चा इन दोनों पाठ्यक्रमों के लायक है भी या नहीं। सभी बालक अतिकुशाग्र बुद्धि के नहीं होते। सभी की बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। ऐसे में बच्चों को स्वप्न दिखाकर कोटा में एडमीशन दिलाना उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना ही है। तमाम बच्चे मध्यम और निचले वर्ग के भी होते हैं। उन्हें बताया जाता है कि कैसे शिक्षा प्राप्त कर उन्हें घर-परिवार का नाम रोशन करना है। जब वे इसमें असफल होते हैं तो नाकामी का दबाव उन्हें आत्महत्या के लिए प्रेरित करता है। बहुत से बच्चों पर घर का आर्थिक दबाव भी होता है। इस दबाव के चलते उनके कदम खुदकुशी की ओर बढ़ते हैं। स्पष्ट है कि इन आत्महत्याओं के लिए प्राथमिक तौर पर उनके अभिभावक ही दोषी होते हैं।

दूसरे नंबर पर आते हैं कोचिंग सेंटर संचालक। अब यह बात किसी से छिपी नहीं है कि शिक्षा व्यवसाय का रूप ले चुकी है। निम्न से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा में बड़ी रकम खर्च होती है। कोटा में जो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं, उनमें भी मोटी रकम के लालच में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के प्रवेश ले लिये जाते हैं। भले ही उन कोचिंग सेंटर्स में छात्रों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था न हो, लेकिन एडमिशन ले लिये जाते हैं। बाद में उनके बैठने आदि की वैकल्पिक अस्थायी व्यवस्था की जाती है।

प्रवेश लेते समय सिर्फ बड़ी रकम देखी जाती है, बच्चे का मानसिक और बौद्धिक स्तर नहीं। बच्चा जेईई अथवा नीट एंट्रेंस क्लीयर कर पायेगा या नहीं, इस ओर कोई गौर नहीं किया जाता। कोचिंग सेंटर संचालक सिर्फ व्यवसाय कर रहे हैं। हम यह नहीं कहते कि वे अच्छी शिक्षा नहीं दे रहे, निश्चित रूप से दे रहे हैं, लेकिन यह देखने वाला कोई नहीं है कि बच्चे मानसिक रूप से यह शिक्षा ग्रहण कर भी पा रहे हैं या नहीं। बीच-बीच में उन्हें ताकीद कर दी जाती है कि वे पिछड़ रहे हैं और ज्यादा मेहनत करें, लेकिन कैसे, यह कोई नहीं बताता। शायद यही कारण है कि प्रशासन और सरकार ने जो गाइडलाइंस जारी की है, उसमें चयन समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है।

अगर चयन समिति में शामिल विषय विशेषज्ञ प्रवेश के समय ही विद्यार्थियों के मानसिक और बौद्धिक स्तर की जांच कर लें और सक्षम विद्यार्थियों को ही प्रवेश दें तो न संबंधित कोचिंग सेंटर का परीक्षा फल उत्तम हो बल्कि खुदकुशी की इस अनवरत चली आ रही श्रृंखला पर विराम भी लग सके। चयन समिति अगर अयोग्य या कमजोर छात्रों को प्रवेश ही न दे तो इतना ही तो होगा कि छात्र लौट जाएगा, लेकिन कम से कम आत्महत्या करने की नौबत तो नहीं आएगी।

तीसरी जिम्मेदारी बनती है पीजी संचालकों की जो मोटी रकम लेकर छात्रों को आवास तो मुहैया करा देते हैं, लेकिन वहां ऐसी कोई सुरक्षात्मक व्यवस्था नहीं करते जिससे छात्र आत्महत्या न कर सके। कहने को कहा जा सकता है कि जिसे खुदकुशी करनी है वह कहीं भी कर सकता है, किसी भी प्रकार से कर सकता है मगर पीजी संचालकों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि कम से कम वह अपने पीजी में तो इस तरह के इंतजाम कर लें कि छात्र खुदकुशी करने का मौका न पा सके। दूसरी बात उन्हें सिर्फ आय का साधन ही समझें बल्कि उनके दुख-सुख में सहभागी बनने का प्रयास करें ताकि छात्रों को पीजी में भी घर जैसा माहौल मिल सके।

यूं तो खुदकुशी की इस चेन को तोडने् के लिए जिला प्रशासन ने गाइड लाइंस जारी की हैं और इनका पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी कर रहा है लेकिन इस सिलसिले को रोकने के लिए तीन उपाय करने की जरूरत है। पहली बात तो यह कि माता-पिता अपने बच्चों पर डॉक्टर और इंजीनियर बनने के लिए अनावश्यक दबाव न डालें। दूसरी बात यह कि प्रवेश के समय ही छात्रों के मानसिक और बौद्धिक स्तर का परीक्षण कर लिया जाए और कमजोर छात्रों को प्रवेश ही न दिया जाए। तीसरी और अंतिम बात यह कि पीजी संचालक बच्चों को घर जैसा परिवेश दें, उनके प्रति सहानुभूति दर्शाएं और खुदकुशी जैसे कोई कदम उठाने से रोकें।



# भाजपा की आंतरिक कलह के कारण दिल्ली के मुख्यमंत्री की नियुक्ति में देरी हो रही है : आप

नई दिल्ली (ए.)। आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर जारी आंतरिक खींचतान के कारण दिल्ली के लिए मुख्यमंत्री की नियुक्ति में देरी हो रही है और राष्ट्रीय राजधानी का शासन प्रभावित हो रहा है। भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हो सकी। पार्टी ने हाल में हुए विधानसभा चुनाव में आप को शिकस्त दी है। आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाया कि भाजपा की निष्क्रियता के कारण शहर के कई हिस्सों में लंबे समय तक बिजली कटौती जारी है। उन्होंने कहा, चुनाव परिणाम घोषित हुए कई दिन हो गए हैं, फिर भी भाजपा मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला नहीं कर पाई है। इस बीच, दिल्ली के लोग लंबे समय तक बिजली गुल रहने से परेशान हैं। कक्कड़ ने कहा, भाजपा की अंदरूनी लड़ाई का खामियाजा दिल्ली के लोगों को क्यों भुगतना चाहिए? दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए पांच फरवरी को हुए चुनाव के नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए गए थे। भाजपा ने 48 और च्आपज् ने 22 सीट जीती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के भीतर गुटबाजी के



कारण पार्टी अगले मुख्यमंत्री पर सहमति नहीं बना पा रही है। आप प्रवक्ता ने कहा, उनके नेता छोटे-छोटे समूहों में बैठक कर रहे हैं और यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि नेतृत्व कौन करेगा। वे आपस में लड़ने में व्यस्त हैं, लेकिन दिल्ली के लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। कक्कड़ ने इस बात पर भी जोर दिया कि चुनावी हार के बावजूद आप, सदस्यों के साथ सक्रियता से बातचीत कर रही है और अपनी रणनीति की समीक्षा कर रही है।

## स्कूल बना मसाज पार्लर! क्लास रुम में छात्राओं से पैर दबवाती दिखी महिला टीचर



सिवनी (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका पर छात्राओं से अपने पैर दबवाने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में शिक्षिका को छात्राओं से पैर दबवाते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद से उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वायरल वीडियो में तीन अलग-अलग क्लिप्स हैं। दो वीडियो में शिक्षिका छात्राओं से पैर दबवाती हुई स्पष्ट रूप से नजर आ रही हैं। पहले वीडियो में, शिक्षिका बेंच पर बैठी हैं और कुछ छोटी छात्राएं नीचे बैठकर उनके पैरों की मालिश कर रही हैं। दूसरे वीडियो में, शिक्षिका दरी पर बैठी हैं, उनके पैरों पर एक किताब रखी है और छात्राएं उनके पैर दबा रही हैं। यह पूरी घटना कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, और अब यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से फैल रहा है।जब छात्राओं के अभिभावकों को इस घटना की जानकारी मिली और उन्होंने शिक्षिका से इस बारे में सवाल किया, तो उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

## सूदखोर के घर से रेड के दौरान मिली नोटों की गड्डियां, सोना भी बरामद; पुलिस के उड़े होश!

गडक (आरएनएस)। कर्नाटक के गडक में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक घर से करीब पांच करोड़ रुपये की नकदी और 992 ग्राम सोना बरामद किया है। बताया जा रहा है कि कर्नाटक पुलिस ने सूद पर पैसे लगाने वाले यल्लप्पा मिस्किन के घर छापा मारा था। छापेमारी में चार करोड़ 90 लाख, 98 हजार रुपये की नगदी जब्त की गई है। इसके अलावा 992 ग्राम सोना भी जब्त किया गया है।पुलिस ने सूदखोरी करने वाले यल्लप्पा मिस्किन समेत छह लोगों को भी गिरफ्तार किया है। गडक के एसपी बी.एस. नेमागौड़ा ने बताया कि पुलिस ने दो दिन में 13 जगहों पर छापेमारी की थी। इसी कार्रवाई के दौरान नकदी और सोना जब्त किया गया है। इसके अलावा कई दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। एसपी बी.एस. नेमागौड़ा के अनुसार, पुलिस ने 650 बॉन्ड, चार बैंक एटीएम, बैंक के नौ पासबुक और दो एलआईसी बॉन्ड समेत अवैध रूप से रखी गई 65 लीटर शराब जब्त की है।पुलिस के मुताबिक, यल्लप्पा मिस्किन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने यल्लप्पा से 1.90 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था और उसके बदले में 1.4 करोड़ रुपये चुका भी दिए।

# औरैया में सड़क हादसे में कई वाहन टकराए, दो की मौत, कई घायल

औरैया, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 लोग घायल हो गए। इसमें एक-एक कर 4 वाहन आपस में टकरा गए। हादसा उस वक्त हुआ जब नोएडा के रहने वाले कुछ श्रद्धालु प्रयागराज में कुंभ स्नान कर लौट रहे थे। उनकी कार जैसे ही नेशनल हाईवे पर औरैया सदर कोतवाली क्षेत्र में पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बस से टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रही दूसरी बस और एक ट्रक भी आपस में भिड़ गए, जिससे यह टक्कर भीषण हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और कार सवार कई यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे में रोडवेज बस चालक प्रवेश सिंह और एक अन्य यात्री रोहित की मौत हो गई। वहीं, कार और बस में सवार करीब 10 लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि रेफर किए गए घायलों के साथ एक पुलिस टीम को भी भेजा गया है ताकि उनके इलाज में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। औरैया के एएसपी आलोक मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को कोतवाली औरैया क्षेत्र में दो रोडवेज बसें, ट्रक और एक कार आपस में टकरा गए। इसमें रोडवेज बस सवार यात्री और कार सवार यात्री घायल हो गए। तुरंत घायलों को अस्पताल लाया गया। अस्पताल में रोडवेज बस के ड्राइवर प्रवेश सिंह और एक यात्री रोहित की मौत हो गई। बाकी सभी लोगों का इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल 4 यात्रियों को सैफई के लिए रेफर कर दिया गया है। रेफर किए गए लोगों के साथ भी एक पुलिस टीम लगाई गई है। सभी का उपचार कराया जा रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रशासन इस हादसे की जांच में जुट गया है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में बोलते हुए.

# प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व रेडियो दिवस की दी बधाई, बोले ये एक शक्तिशाली माध्यम

नई दिल्ली, (आरएनएस)। देश भर में हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी। पीएम मोदी ने लोगों से कहा कि रेडियो लोगों के लिए एक अमूल्य जीवन रेखा बन



चुका है। यह लोगों को सूचित करने से लेकर उन्हें जोड़ने का काम करता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, विश्व रेडियो दिवस की बधाई! रेडियो कई लोगों के लिए एक कालातीत जीवन रेखा रहा है लोगों को सूचित करना, प्रेरित करना और जोड़ना। समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक, यह एक शक्तिशाली माध्यम है जो रचनात्मकता का जश्न मनाता है। पीएम मोदी ने रेडियो के महत्व पर आगे लिखा, मैं रेडियो की दुनिया से जुड़े सभी लोगों की सराहना करता हूं। मैं आप सभी को इस महीने के मन की बात के लिए अपने विचार और इनपुट साझा करने के लिए आमंत्रित करता हूं, जो 23 तारीख को होगा।

उल्लेखनीय है कि हर साल 12 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस के रूप में मनाया जाता है। रेडियो के महत्व और इसके द्वारा समाज में फैलाई गई जानकारी, शिक्षा और मनोरंजन की भूमिका को पहचानने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। दुनिया भर में लोगों को जोड़ने और उन्हें जानकारी प्रदान करने में रेडियो एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

रेडियो के इतिहास पर अगर हम नजर डालें तो भारत में इसकी शुरुआत 1924 से हुई थी। इसके बाद साल 1936 में ऑल इंडिया रेडियो बना और फिर 1957 में इसका नाम बदलकर आकाशवाणी कर दिया गया। भारत की आजादी की लड़ाई में भी रेडियो एक अहम हिस्सा रहा है। रेडियो की ताकत को समझते हुए पीएम मोदी हर महीने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश को संबोधित करते हैं, क्योंकि रेडियो की पहुंच देश के हर कोने में है।

## हम लोगों के रहते भाजपा की बिहार में नहीं बनेगी सरकार : लालू यादव

पटना ,(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के बाद भाजपा और एनडीए के नेता उत्साहित हैं। इसे लेकर एनडीए के नेताओं का कहना है कि दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को यहां कहा कि हम लोग के रहते बिहार में भाजपा सरकार नहीं बना सकेगी।दरअसल, राजद अध्यक्ष पटना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस क्रम में जब उनसे एनडीए के नेताओं के 'दिल्ली के बाद बिहार की बारी है और 225 पार होगा परिणाम' से संबंधित बयान को लेकर सवाल किया गया, तब लालू यादव ने कहा कि दिल्ली चुनाव परिणाम का यहां कोई असर नहीं पड़ेगा। भाजपा बिहार में सत्ता से जाएगी।उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, भाजपा कैसे बना लेगी सरकार? हम लोग के रहते भाजपा सरकार बना लेगी? भाजपा को लोग जान गए हैं। अब वह कभी सत्ता में नहीं आएगी।उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद भाजपा औरएनडीए के नेताओं की नजर इस साल होने वाले बिहार विधानसभा पर है। भाजपा और एनडीए के नेताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में 225 सीटों पर विजय पाने के लक्ष्य को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।भाजपा की विधायक और ओलंपिक खिलाड़ी श्रेयसी सिंह ने बुधवार को कहा था कि जिस तरह दिल्ली में कांग्रेस का खाता नहीं खुला है, उसी तरह बिहार में तेजस्वी यादव का भी खाता नहीं खुलने वाला है। विपक्ष के महागठबंधन की सरकार बनने के दावे से जुड़े प्रश्न पर उन्होंने कहा था कि यह तो वक्त ही बताएगा कि किसकी सरकार बनती है। बिहार में निश्चित रूप से अगली सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की बनेगी।

## सूदखोर के घर से रेड के दौरान मिली नोटों की गड्डियां, सोना भी बरामद; पुलिस के उड़े होश!



गडक (आरएनएस)। कर्नाटक के गडक में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक घर से करीब पांच करोड़ रुपये की नकदी और 992 ग्राम सोना बरामद किया है। बताया जा रहा है कि कर्नाटक पुलिस ने सूद पर पैसे लगाने वाले यल्लप्पा मिस्किन के घर छापा मारा था। छापेमारी में चार करोड़ 90 लाख, 98 हजार रुपये की नगदी जब्त की गई है। इसके अलावा 992 ग्राम सोना भी जब्त किया गया है।पुलिस ने सूदखोरी करने वाले यल्लप्पा मिस्किन समेत छह लोगों को भी गिरफ्तार किया है। गडक के एसपी बी.एस. नेमागौड़ा ने बताया कि पुलिस ने दो दिन में 13 जगहों पर छापेमारी की थी। इसी कार्रवाई के दौरान नकदी और सोना जब्त किया गया है। इसके अलावा कई दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। एसपी बी.एस. नेमागौड़ा के अनुसार, पुलिस ने 650 बॉन्ड, चार बैंक एटीएम, बैंक के नौ पासबुक और दो एलआईसी बॉन्ड समेत अवैध रूप से रखी गई 65 लीटर शराब जब्त की है।पुलिस के मुताबिक, यल्लप्पा मिस्किन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने यल्लप्पा से 1.90 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था और उसके बदले में 1.4 करोड़ रुपये चुका भी दिए। सिर्फ 50 लाख रुपये की राशि देनी थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि काफी कर्ज चुकाने के बाद भी यल्लप्पा ने उसे धमकी दी और उसकी कुछ प्रॉपर्टी अपने नाम भी करा ली। साथ ही आरोपी ने शिकायतकर्ता की तरफ से दिए गए बैंक चेक और वित्तीय बॉन्ड का दुरुपयोग करके उसे परेशान भी किया, जिसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# भारत के ब्रह्मोस मिसाइल की वैश्विक मांग बढ़ी, 4 और देश बन सकते हैं खरीदार





नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में निर्मित ब्रह्मोस सुपरसॉनिक क्रूज मिसाइल की लोकप्रियता दुनियाभर में बढ़ती जा रही है। फिलीपींस को सफलतापूर्वक मिसाइल की आपूर्ति शुरू करने के बाद, अब चार और देशों ने इस अत्याधुनिक हथियार को हासिल करने में दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, रक्षा मंत्रालय या सेना की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

भारत सरकार चार अतिरिक्त देशों - संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, मिस्र और वियतनाम-को ब्रह्मोस मिसाइल बेचने की योजना बना रही है। रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए बताया गया है कि ये देश मुख्य रूप से ब्रह्मोस के भूमि-आधारित संस्करण में रुचि दिखा रहे हैं। फिलीपींस ने तटीय रक्षा के लिए ब्रह्मोस के एंटी-शिप संस्करण का ऑर्डर दिया है, जिसकी मारक क्षमता 290 किलोमीटर है।

इससे पहले, भारत ने फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति का सौदा तय किया था और डिलीवरी भी शुरू कर दी है। इंडोनेशिया के साथ भी मिसाइल खरीद को लेकर बातचीत जारी है और जल्द ही इंडोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल के भारत आने की संभावना है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के महानिदेशक जेआर जोशी ने एक अखबार से बातचीत में बताया कि ब्रह्मोस एनजी (नेक्स्ट जेनरेशन) मिसाइल के परीक्षण शुरू हो चुके हैं और 2026 तक पूरे होने की उम्मीद है। इस नई पीढ़ी की मिसाइल को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों पर तैनात किया जाएगा, जिससे इसकी हवाई मारक क्षमता और बढ़ेगी।

एयरो इंडिया 2025 के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय रक्षा उद्योग की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश एक क्रांतिकारी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि एक समय था जब भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए 65-70 प्रतिशत आयात पर निर्भर था, लेकिन आज स्थिति उलट गई है और लगभग उतने ही प्रतिशत रक्षा उपकरणों का निर्माण देश में ही हो रहा है।

रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि भारत अब छोटे हथियारों से लेकर ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम जैसे बड़े हथियार प्लेटफॉर्म तक कई देशों को निर्यात कर रहा है। यह न केवल भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ा रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के साथ नए रक्षा सहयोग और साझेदारी को भी मजबूत कर रहा है।

## कानपुर से लेकर बरेली तक आयकर विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी, ताला तोड़कर कारोबारी के घर में घुसी टीम

बरेली, (आरएनएस)। कानपुर में पान मसाला व्यापारी अमित भारद्वाज के खिलाफ आयकर विभाग ने आज बड़े पैमाने पर छापेमारी की। न केवल उनके घर और गोदाम पर, बल्कि उनके बड़े भाई रामसेवक के निवास स्थान पर भी कार्रवाई की गई। इस छापेमारी से दिन भर व्यापारियों में हलचल मच गई। सुबह करीब छह बजे, लखनऊ और दिल्ली से आयातित संयुक्त टीम राजेंद्र नगर स्थित भारद्वाज के घर पर पहुंची। कई बार घंटी बजाने पर भी व्यापारी ने ताला न खोलने पर, अधिकारियों ने गेट का ताला तोड़कर प्रवेश किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारद्वाज द्वारा एक ही वाहन की बिल्टी से कई गाड़ियों का माल कानपुर स्थित कंपनी को भेजा जा रहा था, जिसके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। लगभग 12:30 बजे अधिकारियों ने श्री त्रिवटीनाथ मंदिर के पास बीडीए कालोनी में स्थित भारद्वाज के बड़े भाई रामसेवक के घर पर भी छानबीन की। वहाँ पहुँचते ही पता चला कि रामसेवक वर्तमान में महाकुंभ में भाग ले रहे हैं। इस स्थान पर भी, घर एवं गोदाम के ताले तोड़कर जांच की गई। सुबह से शाम तक दोनों स्थानों पर आयकर टीम ने परिवार के सदस्यों, कर्मचारियों एवं आस-पास मौजूद सगे संबंधियों से पूछताछ करते हुए टैक्स चोरी और अवैध स्त्रोतों से आय के सबूत जुटाने की कोशिश की। इलाके में पुलिस द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए, जिसके चलते स्वजन एवं व्यापारी के फोन जब्त कर लिए गए और जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई।



अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा.

## इस राज्य के सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले, महंगाई भत्ते में हुई 4 फीसदी की बढ़ोतरी


नई दिल्ली (आरएनएस)। 2026 के विधानसभा चुनाव से पूर्व, पश्चिम बंगाल पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने राज्य का अंतिम पूर्ण बजट पेश कर दिया है। इस बजट में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है, जो 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी।राज्य वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने विधानसभा में किए बयान में बताया कि यह बढ़ोतरी लाखों सरकारी कर्मचारियों को महंगाई के बढ़ते प्रभार से राहत दिलाने का महत्वपूर्ण कदम है। कई महीनों से महंगाई भत्ते में सुधार की मांग करने वाले कर्मचारियों ने इस घोषणा का स्वागत किया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। बजट में महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी के अलावा अन्य प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। हालांकि, लक्ष्मी भंडार योजना के लिए आवंटित राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई, वहीं घाटल मास्टर प्लान के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

# सम्राट चौधरी का दावा, दिल्ली-हरियाणा की सफलता बिहार में भी दोहरायेगा एनडीए



पटना (ए.)। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की बढती लोकपप्रियता के बल पर भाजपा ने हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में जो शानदार सफलता पायी, उसका अनुकूल असर बिहार पर भी पड़ेगा । यही लालू प्रसाद की परेशानी का कारण है। उन्होंने कहा कि एनडीए के पक्ष में हवा के रुख से राजद में बेचैनी है और हताश लालू प्रसाद अपने समर्थकों को बहलाने के लिए दिल्ली में विपक्ष की करारी हार से मुँह चुराने वाले बयान दे रहे हैं। चौधरी ने कहा कि बिहार विधानसभा के चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीष कुमार के साथ मिल कर एनडीए 225 सीटों पर विजय की नई ऊंचाई पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव में बिहार-यूपी के लोगों ने भाजपा का समर्थन किया और गृह प्रदेश में इन लाखों प्रवासी बिहारियों का परिवार एनडीए सरकार की वापसी सुनिश्चित करने को तैयार है। चौधरी ने कहा कि बिहार के जिन लाखों लोगों को लालू राज में बढते अपराध, चौपट विकास और बढती बेरोजगारी के कारण अपना घर-गांव छोड़कर रोजी-रोटी के दिल्ली-पंजाब-हरियाणा जाना पड़ा, वे कभी लालू प्रसाद पर भरोसा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता राजद शासन के पुराने दौर को नहीं भूली है, जब अपराध चरम पर था, मुख्यमंत्री आवास में अपराधियों को संरक्षण मिलता था और आम लोग डर के कारण शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे। चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में कानून का शासन कायम हुआ और न्याय के साथ विकास का दौर शुरू हुआ। अब जनता 15 साल वाले भयानक दौर में कभी नहीं लौटेगी।

# केसरी वीर का मोशन पोस्टर आया सामने, 14 मार्च को रिलीज होगी फिल्म




फिल्म 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने इस फिल्म से जुड़ी एक पोस्ट अपने ट्वीटर अकाउंट पर शेयर की है। फिल्म के मेकर्स ने 'केसरी वीर' से जुड़ी कई सारी जानकारियां साझा की हैं, जिनका जिक्र तरण आदर्श की पोस्ट में भी है। 'केसरी वीर' फिल्म में सूरज पंचोली, सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय जैसे बॉलीवुड एक्टर्स नजर आने वाले हैं। ये तीनों ही एक्टर्स फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। ये भूमिकाएं कैसी होंगी, इसकी डिटेल अभी शेयर नहीं की गई हैं। फिल्म को प्रिंस थीमान निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कानू चौहान हैं। फिल्म 'केसर वीर' का अभी मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। लेकिन 13 फरवरी 2025 को इसका टीजर रिलीज किया जाएगा। साथ ही फिल्म भी मार्च में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। फिल्म 'केसर वीर' का अभी मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। लेकिन 13 फरवरी 2025 को इसका टीजर रिलीज किया जाएगा। साथ ही फिल्म भी मार्च में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। फिल्म 'केसरी वीर' की कहानी की बात की जाए तो इसमें सोमनाथ मंदिर की 14 सदी में रक्षा करने वालों योद्धाओं की कहानी है। इन वीरों की कहानी इतिहास में कही भूला दी गई है। ऐसे में फिल्म के जरिए दर्शकों को उनके वीरता, साहस की कहानी को दिखाया जाएगा।

## गोरी है कलाईयां के साथ कनिका कपूर की धमाकेदार वापसी

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर कनिका कपूर, जिन्होंने चिट्टियां कलाइयां' और बेबी डॉल' जैसे सुपरहिट गाने दिए हैं, एक बार फिर धमाकेदार वापसी कर रही हैं। उनका नया गाना गोरी है कलाईयां' फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी' का प्रमुख ट्रैक है। खास बात यह है कि इस गाने में कनिका के साथ रैपर बादशाह की भी शानदार परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। वहीं, म्यूजिक वीडियो में भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह और अर्जुन कपूर नजर आएंगे, जो इस गाने को और भी ग्रैंड बना रहा है। कनिका कपूर की आवाज़ हमेशा से बॉलीवुड के चार्टबस्टर्स में शामिल रही है। इस बार भी गोरी है कलाईयां' अपनी एनर्जेटिक बीट्स और कनिका की जादुई आवाज़ के साथ दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देगा। इस गाने के जरिए कनिका और बादशाह की केमिस्ट्री फिर से म्यूजिक इंडस्ट्री में धूम मचाने को तैयार है। बॉलीवुड के अलावा, कनिका कपूर इंडिपेंडेंट म्यूजिक इंडस्ट्री में भी लगातार प्रयोग कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने मटक मटक' और फैंटेसी' जैसे गानों से अपनी अलग पहचान बनाई है, जहां उन्होंने भारतीय धुनों को अफ्रीकी बीट्स और मॉडर्न साउंड के साथ मिलाकर अनोखा फ्यूजन तैयार किया है। कनिका कपूर न सिर्फ रिकॉर्डिंग स्टूडियो में बल्कि लाइव इवेंट्स में भी अपना जलवा बिखेर रही हैं।

# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने दिखाई दिलकश अदाएं, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख बेकाबू हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने करियर की शुरुआत साउथ फिल्मों से की थी और आज वो किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी फिल्मों में भी अपनी दमदार एक्टिंग से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग तारीफ करते नहीं थकते हैं।


अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने रेड कलर का इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज में फोटोशूट करवाती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल, ग्लैम मेकअप, कानों में इयररिंग्स और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक का दीदार करने के लिए काफी बेताब रहते हैं।

## हॉरर और थ्रिलर भरी है अगथिया की कहानी, 28 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



जीवा, अर्जुन सरजा और राशि खन्ना अभिनीत दक्षिण भारतीय फिल्म अगथिया का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार फैंस काफी समय से कर रहे थे। ट्रेलर में कई सारे एक्शन और शानदार दृश्य भी शामिल हैं। ट्रेलर से फिल्म में कुछ छिपे रहस्यों का अंदाजा लग रहा है।फिल्म अगथिया के ट्रेलर में ही हॉरर कहानी की झलक दिखाई देती है। इसमें एक हवेली दिखाई गई है, जिसमें 120 साल पहले मरी हुई आत्माओं का वास है। फिल्म में पांडिचेरी की भी झलक देखने को मिलने वाली है। ट्रेलर में कई सारे विदेशी कलाकार भी नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी एंजल और डेविल्स के बीच घूमती दिखती है।फिल्म निर्माता अनीश अर्जुन देव और डॉ इशारी के गणेश ने कहा, यह फिल्म एक फैंटसी, हॉरर और थ्रिलर फिल्म है जो दर्शकों के सामने एक रहस्य और रोमांच के जरिए मनोरंजन के नए दरवाजे खोलने जा रही है। हमारी फिल्म आम हॉरर फिल्मों से बहुत अलग होगी,जो दर्शकों को एंटरटेनमेंट का एकदम नया स्वाद परोसने को तैयार है। फिल्म दर्शकों के सामने हॉरर, फैंटेसी और थ्रिलर की नई परिभाषा पेश करने वाला सिनेमा प्रस्तुत करेगी।प्रसिद्ध गीतकार से निर्देशक बने पा. विजय ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म अगथिया 28 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है। फिल्म में फेंटसी, हॉरर और थ्रिलर जॉनर की मिली जुली कहानी देखने को मिलने वाली है। फिल्म तमिल और तेलुगु के साथ साथ हिन्दी में भी बड़े स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर अभिनेता योगी बाबू, ऐक्टर ऐडवर्ड सोनेनब्लिक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# अंदाज अपना अपना सिनेमाघरों में दोबारा देगी दस्तक, आज आएगा फिल्म का टीजर




राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म अंदाज अपना अपना को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। इस फिल्म में आमिर खान और सलमान खान मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह फिल्म 4 नवंबर, 1994 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 5.30 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।अब लगभग 31 साल बाद आमिर-सलमान की यादगार फिल्म अंदाज अपना अपना को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है।

अंदाज अपना अपना इस साल अप्रैल में सिनेमाघरों में फिर से दस्तक देगी, वहीं फिल्म का नया टीजर कल यानी 13 फरवरी को जारी किया जाएगा। निर्माताओं ने पोस्टर साझा कर खुद इसकी पुष्टि की है। हालांकि, फिल्म इसकी रि-रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।अंदाज अपना अपना एक कॉमेडी फिल्म है, जो अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। हालांकि, जैसे-जैसे साल गुजरते गए, यह फिल्म एक कल्ट क्लासिक बन गई। आमिर खान और सलमान खान की जोड़ी ने दर्शकों के दिलों में ऐसी जगह बनाई कि आज भी उनकी केमिस्ट्री को याद किया जाता है। फिल्म में रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर ने भी अहम किरदार निभाए थे। इस फिल्म के संवाद जैसे गलती से मिस्टेक हो गया और क्राइम मास्टर गोगो नाम है मेरा, आंखें निकाल के गोटियां खेलती हूं मैं आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और ये पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुके हैं।

## सबकुछ जलाकर रख दूंगा, विजय देवराकोंडा की वीडी12 के टीजर-टाइटल से उठा पर्दा, पुनर्जन्म लेकर साम्राज्य के महानायक बने एक्टर




साउथ एक्टर विजय देवराकोंडा की मोस्ट अवेटेड एक्शन-थ्रिलर वीडी12 का टीजर और टाइटल फाइनली रिलीज हो गया है, इसका टाइटल है किंगडम. किंगडम के हिंदी टीजर में बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर ने आवाज दी है वहीं तमिल वर्जन में सुपरस्टार सूर्या ने. इसके अलावा इसके तेलुगु वर्जन में जूनियर एनटीआर ने आवाज दी है. किंगडम के 1 मिनट 56 सेकंड के टीजर में विजय का पुनर्जन्म दिखाया गया है. जिसमें वे वापस आकर अपने साम्राज्य के महानायक बनते हैं. किंगडम के टीजर की शुरुआत एक पावरफुल डायलॉग से शुरू होती है- कभी ना थमने वाला भीषण युद्ध, लहरों में बहता रक्त, थामों, ठहरों या थककर चूर हो जाओ, ये युद्ध ना रुका है और ना रुकने वाला है. विजुअल में आर्मी की गोलीबारी दिखती है जिसमें कई लोग मारे जाते हैं, कुछ भागते हुए दिखाई देते हैं, कई लाशें दिखती हैं. इसके बाद विजय की सिनेमैटिक एंट्री होती है जिसका पुनर्जन्म बताया जाता है. आखिर में विजय एक डायलॉग बोलते हैं- कुछ भी करुंगा, जरूरत पड़ी तो सबकुछ जलाकर रख दूंगा. विजय ने टीजर रिलीज करते हुए लिखा, ये किंगडम है. सवाल, खून, गलतियां और किस्मत, टाइटल-टीजर आउट. गौतम तिन्नानुरी ने किंगडम को निर्देशित किया है।

# बदलते मौसम में त्वचा को स्वस्थ और चमकदार रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



मौसम के बदलाव का हमारी त्वचा पर गहरा असर पड़ता है। जब मौसम बदलता है तो हमारी त्वचा को भी खास देखभाल की जरूरत होती है। चाहे सर्दी हो या गर्मी, हर मौसम में त्वचा की देखभाल का तरीका अलग होता है।इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी उपाय बताएंगे, जिनसे आप अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रख सकते हैं।

### रोजाना मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं

बदलते मौसम में सबसे जरूरी होता है कि आप अपनी त्वचा को नियमित रूप से मॉइस्चराइज करें।

ठंडे मौसम में हवा शुष्क होती है, जिससे आपकी त्वचा रूखी हो सकती है। इसके लिए एक अच्छा मॉइस्चराइजर चुनें, जो आपकी त्वचा के प्रकार के अनुसार हो।

इसे नहाने के बाद और सोने से पहले लगाएं ताकि आपकी त्वचा नमी से भरपूर रहे और उसमें चमक बनी रहे।

### सही आहार लें

आपकी डाइट का सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है। बदलते मौसम में ताजे फल, सब्जियां और पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी होता है।

विटामिन-सी युक्त फलों जैसे संतरा, नींबू आदि का सेवन करें, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ आपकी त्वचा को भी निखारते हैं।इसके अलावा ओमेगा-3 फैटी एसिड्स वाले खाद्य पदार्थ जैसे अखरोट और अलसी का सेवन भी फायदेमंद होता है।

### सनस्क्रीन लगाना न भूलें

कई लोग यह मानते हैं कि सनस्क्रीन का उपयोग केवल गर्मियों में करना चाहिए, लेकिन यह एक गलतफहमी है।

चाहे सर्दी हो या बरसात, सूरज की हानिकारक किरणें हमेशा हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए हर दिन बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है।यह आपकी त्वचा को यूवी किरणों से बचाने में मदद करता है और उसे स्वस्थ रखता है।

सनस्क्रीन का नियमित उपयोग आपकी त्वचा की सुरक्षा के लिए एक अहम कदम है।

### हल्के फेसवॉश का उपयोग करें

बदलते मौसम में चेहरे की सफाई बहुत जरूरी होती है।

कठोर साबुन या फेसवॉश का उपयोग न करें क्योंकि ये आपके चेहरे की प्राकृतिक नमी छीन सकते हैं। इसके बजाय हल्के और प्राकृतिक तत्वों से बने फेसवॉश का उपयोग करें जो गंदगी साफ कर चेहरे को मुलायम बनाए रखे।दिन में दो बार, सुबह और रात को सोने से पहले, चेहरा साफ करना आपकी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।

### पर्याप्त नींद लें

नींद का हमारी त्वचा पर गहरा असर पड़ता है।

अगर आप पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इसका असर आपके चेहरे पर थकावट के रूप में दिख सकता है। इसलिए रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी है।यह आपकी त्वचा को तरोताजा और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है। अच्छी नींद से आपकी त्वचा की प्राकृतिक चमक बनी रहती है और आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं, जिससे आपकी त्वचा स्वस्थ नजर आती है।

# हर दिन किसी भी समय 30 मिनट चलें, मिलेंगे स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ



रोजाना 30 मिनट चलना एक सरल और प्रभावी एक्सरसाइज है, जिससे आप अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। यह न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे रोजाना 30 मिनट की सैर आपके शरीर को बदल सकती है और आपको स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है।

### ह्रदय की सेहत में कर सकता है सुधार

रोजाना 30 मिनट चलने से आपके ह्रदय की सेहत में सुधार होता है। यह आपकी धमनियों को साफ रखने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है।नियमित रूप से चलने से ह्रदय रोगों का खतरा कम होता है और आपका ह्रदय मजबूत बनता है। इससे रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे शरीर के सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचती रहती है।

इसके अलावा यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी सहायक होता है।

### वजन घटाने में है सहायक

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो रोजाना 30 मिनट चलना एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।

यह कैलोरी जलाने का एक आसान तरीका प्रदान करता है, जो बिना किसी विशेष उपकरण या जिम सदस्यता के किया जा सकता है।

नियमित रूप से चलने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे चर्बी तेजी से घटती हैं। इसके साथ ही यह भूख पर नियंत्रण रखने और खाने की आदतों को संतुलित करने में भी मदद करता हैं।

### तनाव को कम करने में है प्रभावी

चलना न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

जब आप चलते हैं तो आपका मस्तिष्क एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज करता है, जो मूड को अच्छा बनाता है और तनाव को कम करता है।

इससे मन शांत रहता है और दिमाग तरोताजा महसूस करता है। नियमित रूप से चलने वाले लोग अक्सर अधिक खुश रहते हैं क्योंकि उनका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और वे अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं।

### हड्डियों और मांसपेशियों को मिल सकती है मजबूती

रोजाना 30 मिनट तक पैदल चलना आपकी हड्डियों और मांसपेशियों की मजबूती को बढ़ाता है। इससे हड्डियां घनी होती जाती हैं, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है।

पैदल चलने से मांसपेशियों का टोनिंग भी बेहतर होता है, जिससे शरीर लचीला बना रहता है।

यह आपके शरीर को मजबूत बनाने के साथ-साथ संतुलन में भी सुधार करता है, जिससे आप अधिक सक्रिय महसूस करते हैं।

### नींद की गुणवत्ता में हो सकता है सुधार

अगर आपको नींद नहीं आती या नींद पूरी नहीं होती है तो रोजाना पैदल चलना इसमें सुधार ला सकता है। जब आप चलते समय थक जाते तो रात में अच्छी नींद आती है, जिससे आपका दिमाग शांत रहता है और सोते समय आराम मिलता है।अच्छी नींद लेने वाले लोग दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं और उनकी कार्यक्षमता भी बढती है।

## विश्वनाथ, टॉफेल, बोडेन उद्घाटन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में अंपायरिंग करेंगे

मुंबई,। प्रतिष्ठित अंपायर साइमन टॉफेल और बिली बोडेन सर्वकालिक महान गुंडप्पा विश्वनाथ के साथ मिलकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन संस्करण में अधिकारी के रूप में काम करेंगे।

टॉफेल की अध्यक्षता में अंपायरों के पैनल में अनुभवी अधिकारी उमेश दुबे और लिंडन एडवर्ड हैनिबल भी शामिल हैं। जी.आर. विश्वनाथ मैच रेफरी के रूप में काम करेंगे। यह प्रतिष्ठित लाइन-अप लीग के दौरान अंपायरिंग के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करेगा। पांच बार आईसीसी के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर रहे टॉफेल अपने त्रुटिहीन निर्णय लेने और खेल में योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं। अपनी शानदार सिग्नलिंग शैली के लिए प्रसिद्ध बोडेन क्रिकेट इतिहास में सबसे पहचाने जाने वाले व्यक्तियों में से एक हैं।साइमन टॉफेल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, क्रिकेट ने हमें कई अविस्मरणीय पल दिए हैं और इंटरनेशनल मास्टर्स लीग उन शानदार दिनों को वापस ला रहा है। एक बार फिर मैदान में खड़े होकर सभी समय के कुछ महानतम क्रिकेटरों के मैचों में रेफरी बनना एक बड़ा सम्मान है। प्रशंसक एक बार फिर बेहतरीन एक्शन, सौहार्द और एक ऐसे अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं, जिसे वे संजोकर रख सकें। भारत के पूर्व कप्तान विश्वनाथ ने कहा इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए मैच रेफरी बनना सम्मान की बात है। यह टूर्नामेंट क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नामों को एक साथ लाता है, और मैं यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक हूं कि इन आइकन को फिर से अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए खेल की भावना को बनाए रखा जाए। खेल के प्रति जुनून कभी कम नहीं होता है, और मैं एक ऐसी लीग का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं, जो क्रिकेट के बेहतरीन खिलाड़ियों की विरासत का जश्न मनाती है।

# बुमराह की कमी खलेगी, हर्षित और अर्शदीप से उम्मीदें : गंभीर




नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम को मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खेलेगी। बुमराह को पूरी तक से फिट नहीं होने के कारण आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में उनकी जगह टीम में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को जगह मिली है। गंभीर ने कहा कि उनकी टीम को बुमराह की कमी हमेशा ही खलेगी। साथ ही कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में हर्षित के अलावा बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी।गंभीर ने कहा, जाहिर है कि वह बाहर हो गए हैं। उनकी वापसी कब होगी ये फैसला मेडिकल टीम करेगी।। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में फैसले मेडिकल टीम करेगी। कोच ने कहा, हम बुमराह को टीम में चाहते थे। हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। वह एक विश्व स्तर के खिलाड़ी हैं पर कुछ बातें आपके हाथ में नहीं होतीं। ऐसे में इस टूर्नामेंट से युवा खिलाड़ियों हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह को अपनी क्षमता दिनाने का मौका मिलेगा। कभी-कभी ये ऐसे अवसर होते हैं, जिनकी आपको तलाश होती है।

## भारतीय महिला टीम प्रो लीग मैचों से पहले घरेलू समर्थन पर निर्भर

भुवनेश्वर, (ए)। पिछले साल नवंबर में उल्लेखनीय महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने के बाद, भारतीय टीम 15 से 25 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में एफआईएच प्रो लीग मैचों में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार है।भारत 15 और 16 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, उसके बाद 18 और 19 फरवरी को स्पेन के खिलाफ मुकाबला होगा। टीम 21, 22 फरवरी और 24, 25 फरवरी को क्रमश: विश्व नंबर 4 जर्मनी और विश्व नंबर 1 नीदरलैंड जैसे चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेगी।भारत की अगुआई अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे कर रही हैं, जबकि उनके साथ डिप्टी नवनीत कौर हैं। सविता, सुशीला चानू, निक्की प्रधान, वंदना कटारिया, उदिता, लालरेमसियामी और शर्मिला देवी जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ दीपिका, सुनिलिता टोप्पो और ज्योति जैसी युवा खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ, भारत के पास एक संतुलित टीम है। भारतीय खिलाड़ी महिला हॉकी इंडिया लीग में अपने हालिया प्रदर्शन के बाद टूर्नामेंट में उतर रही हैं, जिसमें राजगीर में उनकी प्रतिष्ठित महिला एसीटी जीत शामिल है।

## विराट कोहली नहीं रजत पाटीदार बना आरसीबी का नया कप्तान, फ्रेंचाइजी ने किया आधिकारिक ऐलान

नईदिल्ली, (आरएनएस)। आखिरकार इंतजार खत्म हुआ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने नए कप्तान के नाम का ऐलान कर दिया है. नीलामी के बाद से ही हर आरसीबी फैन ये जानने के लिए एक्साइटेड था कि आखिर फ्रेंचाइजी नया कप्तान किसे बनाएगी? गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए बोल्ड आर्मी ने कप्तान का ऐलान कर दिया है. तो आइए आपको भी बताते हैं कि आरसीबी का नया कप्तान कौन है।

आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के बाद जिस दिन का हर आरसीबी फैन को इंतजार था, वो दिन आ गया है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने एक इवेंट के जरिए नए कप्तान के नाम का ऐलान करते हुए बताया है कि रजत पाटीदार फ्रेंचाइजी के नए कप्तान होंगे. वह आईपीएल 2025 में टीम की कमान संभालते नजर आएंगे।

भले ही अब तक पाटीदार ने आईपीएल में कप्तानी ना की हो, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के 2024-25 सीजन में अपनी राज्य टीम मध्य प्रदेश की कप्तानी की. जहां, रजत ने अपनी लीडरशिप से सभी को प्रभावित किया।

रजत पाटीदार को 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने साथ जोड़ा था और वह पिछले 4 सीजन से इसी टीम का हिस्सा हैं. मेगा ऑक्शन से पहले आरसीबी ने रजत को 11 करोड़ रुपये में रिटेन कर अपने साथ बरकरार रखा।

मध्य प्रदेश के स्टार क्रिकेटर रजत पाटीदार ने आईपीएल में अब तक कुल 27 मुकाबले खेले हैं. जहां, उन्होंने 158.85 की स्ट्राइक रेट और 34.74 के औसत से 799 रन बनाए हैं. पिछला सीजन कमाल का रहा था, जहां उन्होंने 177.13 की स्ट्राइक रेट और 30.38 के औसत से 395 रन बनाए थे।

विराट कोहली, रजत पाटीदार, लियाम लिविंगस्टोन, फिल सॉल्ट, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पांड्या, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख डार सलाम, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, स्वास्तिक चिकारा, लुंगी एंगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

# इस सीरीज में कुछ भी गलत नहीं किया: रोहित शर्मा



अहमदाबाद,( आरएनएस) । भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में इंग्लैंड को पूरी तरह से रौंद दिया और बुधवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीसरे और अंतिम वनडे में मेहमान टीम पर 142 रनों की जीत के साथ क्लीन स्वीप हासिल किया। कप्तान रोहित शर्मा, जो अपनी फॉर्म को लेकर सवालों के साथ सीरीज में उतरे थे, ने अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन से अपने आलोचकों को चुप करा दिया।

भारतीय कप्तान का मानना है कि उनकी टीम ने सीरीज में कोई गलती नहीं की, लेकिन फिर भी उन्होंने दावा किया कि उनकी 'चैंपियन टीम हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है'।

रोहित शर्मा ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने इस सीरीज़ में कुछ भी गलत किया है। कुछ ऐसी चीज़ें हैं जिन पर हम विचार कर रहे हैं, लेकिन मैं यहां खड़े होकर इस पर चर्चा नहीं करने जा रहा हूं। खिलाड़ी इस तरह की बातचीत करने में सहज हैं। टीम के भीतर कुछ स्थिरता बनाए रखना हमारा काम है और संवाद स्पष्ट है। कौशल के मामले में, मैं इस पर चर्चा नहीं कर सकता। जाहिर है, एक चैंपियन टीम हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है और आगे बढ़ना चाहती है।

द्विपक्षीय श्रृंखला अंतत: भारत को उनके 2025 चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए तैयार करने के लिए थी, जिसमें भारत 19 फरवरी से शुरू होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड का ग्रुप चरण में सामना करेगा।

भारत अपने सलामी बल्लेबाजों से खुश होगा, जिसमें शुभमन गिल तीन मैचों की सीरीज़ में स्टार रहे और उम्मीद है कि वह आईसीसी टूर्नामेंट में भी अपनी अच्छी फॉर्म को बरकरार रखेंगे। 25 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज़ शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने तीन पारियों में 259 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ का खिताब जीता, जिसमें तीसरे मैच में शानदार 112 रन शामिल थे।

## गुजरात जायंट्स की काशवी गौतम का राष्ट्रीय टीम में वापसी का लक्ष्य

नई दिल्ली,,(आरएनएस)। शुक्रवार से शुरू होने वाला महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगामी तीसरा संस्करण राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए लक्ष्य रखने वाली भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

गुजरात जायंट्स (जीजी) की तेज़ गेंदबाज़ ऑलराउंडर काशवी गौतम भारतीय क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए निश्चित हैं। वह पहली बार 2020 में अंडर-19 वनडे मैच में चंडीगढ़ के लिए एक पारी में दस विकेट लेने के बाद सुर्खियों में आई थीं, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी।

दिसंबर 2023 में, वह 2024 डब्ल्यूपीएल से पहले नीलामी में 2 करोड़ रुपये के पे चेक के साथ डब्ल्यूपीएल के इतिहास में सबसे महंगी अनकैप्ड भारतीय क्रिकेटर बन गईं। लेकिन काशवी अपने बाएं पैर के अंगूठे में तनाव फ्रैक्चर के कारण कभी मैदान पर नहीं उतर पाईं, जिसके कारण वह डब्ल्यूपीएल 2024 से बाहर हो गईं।

आखिरकार, काशवी ने 2024/25 सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी में वापसी की, जहाँ उन्होंने चंडीगढ़ के लिए छह मैचों में सात विकेट लिए।

गुजरात के वडोदरा में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने डब्ल्यूपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करने से पहले, काशवी की तेज़ गति से पिच पर जोरदार हिट करने और एक बेहतरीन फिनिशर होने की क्षमता कुछ ऐसी है जिससे टीम को इस सीज़न में काफ़ी फ़ायदा होगा।काशवी ने कहा, पिछले साल, मैं कुछ समय के लिए बैंगलोर में टीम के साथ थी। मैंने देखा कि मैं क्या खो रही थी, और यह भी महसूस किया कि मैं क्या जोड़ सकती हूं। ठीक होने के बाद, मैंने अपनी रेंज हिटिंग पर काम किया।

## इंग्लैंड को शानदार भारत ने हराया : जोस बटलर

अहमदाबाद,(आरएनएस)। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को तीन मैचों की वनडे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे भारत ने हराया, जिसका समापन बुधवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मेहमान टीम को 142 रनों से हार के साथ हुआ। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने भारत के अपने पूरे दौरे में स्पिन के खिलाफ़ काफ़ी संघर्ष किया, जिसमें पांच मैचों की टी20 सीरीज़ में 1-4 की हार भी शामिल है और 19 फ़रवरी को पाकिस्तान में शुरू होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उन्हें अपने दृष्टिकोण में तेज़ी से बदलाव करने की ज़रूरत होगी। बटलर ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, पूरे दौरे की तरह, हमें एक शानदार टीम ने मात दी। हमारा दृष्टिकोण सही है, बस हम इसे अच्छी तरह से लागू नहीं कर पाए। उन्होंने बोर्ड पर शानदार स्कोर बनाया। शुभमन ने शानदार पारी खेली। हमने फिर से शानदार शुरुआत की, लेकिन यह हमारे लिए एक जानी-पहचानी कहानी है। हमें लंबे समय तक बल्लेबाज़ी करने का तरीका खोजने की ज़रूरत है। हम एक बहुत अच्छी टीम के खिलाफ़ थे जो हमें चुनौती देती रहती है। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने तीन मैचों की सीरीज में काफी संघर्ष किया, जिसमें सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और अनुभवी जो रूट, जो 2023 विश्व कप के बाद पहली बार वनडे टीम में लौटे हैं, तीन पारियों में तीन अंकों का स्कोर बनाने वाले एकमात्र दो इंग्लिश बल्लेबाज रहे। कई लोग उनके मध्यक्रम की असंगतता पर सवाल उठाएंगे, जो एक से अधिक मौकों पर स्पिन के खिलाफ संघर्ष करता रहा। इंग्लैंड चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप बी में है और 22 फरवरी से पहले चीजों को बदलने की उम्मीद करेगा, जब वे लाहौर में अपने शुरुआती मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया से खेलेंगे। उसके बाद, ब्रेंडन मैकुलम की टीम 26 फरवरी और 1 मार्च को क्रमश: अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से ग्रुप चरण को समाप्त करने के लिए भिड़ेगी। वे अब अगले कुछ दिनों में पाकिस्तान जाएंगे और उम्मीद है कि उनका भाग्य भी बदल जाएगा।

## विदेश समाचार

## अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में कोयला खदान में विस्फोट, तीन खनिकों की मौत

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के उत्तरी समांगन प्रांत में एक कोयला खदान में मीथेन गैस के विस्फोट के कारण तीन खनिकों की मौत हो गई। यह घटना दारा-ए-सूफी बाला जिले के एक कोयला खदान में हुई।

सिन्हुआ ने प्रांतीय पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट में तीन नाबालिग खनिकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर तीनों मृतकों के शव बरामद किए और उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया। यह घटना मंगलवार (12 फरवरी) को हुई। पुलिस के मुताबिक, खदान में मीथेन गैस का उच्चतम स्तर होने के कारण विस्फोट हुआ, जिससे यह हादसा हुआ।अफगानिस्तान में खनन कार्यों के दौरान ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। विशेष रूप से खनन में आधुनिक उपकरणों की कमी और खनिकों की अकुशलता के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। देश के कई खनिक अवैध खनन के कारण भी जान गंवाते हैं। इससे पहले, 11 फरवरी को उत्तरी बदख्शां प्रांत में एक भूस्खलन ने दो स्वर्ण खनिकों की जान ले ली थी।

# ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने पुतिन से की बात

## -शांति स्थापित करने दोनों देशों से बातचीत



वाशिंगटन,(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी फोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध और शांति की संभावनाओं पर बातचीत की। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि उन्होंने ट्रंप के साथ एक सार्थक बातचीत की और शांति स्थापित करने के तरीकों पर चर्चा की। जेलेंस्की ने बताया कि इस बातचीत में टीम स्तर पर साथ काम करने की तत्परता, ड्रोन और अन्य उन्नत तकनीकी क्षमताओं पर चर्चा की गई। उन्होंने ट्रंप को धन्यवाद दिया और कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस प्रयास में दिलचस्पी दिखाई है। इसके अलावा, सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और संसाधन साझेदारी पर एक नए समझौते की तैयारी भी चर्चा का हिस्सा रही।

जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप ने पुतिन से बातचीत की जानकारी साझा की और इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन के लोग शांति चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ मिलकर वे रूस की आक्रामकता को रोकने के लिए योजना बना रहे हैं। दोनों नेताओं ने आगे संपर्क बनाए रखने और आने वाली बैठकों की योजना पर सहमति जताई। इससे पहले ट्रंप ने पुतिन से फोन पर बात की थी, जिसमें यूक्रेन युद्ध, मिडल ईस्ट में तनाव, ऊर्जा, एआई और डॉलर जैसी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की गई थी।

## बांग्लादेश में जून 2026 तक आम चुनाव की संभावना

ढाका ,(ए)। बांग्लादेश के निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह दिसंबर 2025 से जून 2026 के बीच देश में आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। चुनाव आयुक्त अबुल फजल मोहम्मद सनाउल्लाह ने यहां कहा, (अंतरिम सरकार के) मुख्य सलाहकार ने पिछले साल 16 दिसंबर को अपने भाषण में उल्लेख किया था कि यदि चुनाव न्यूनतम सुधारों और राजनीतिक सहमति के साथ कराए जाने हैं, तो वे दिसंबर 2025 तक हो सकते हैं। हालांकि, यदि अधिक व्यापक सुधारों की आवश्यकता है, तो चुनाव जून 2026 तक हो सकते हैं। वह ढाका में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) सहित 18 विकास भागीदार देशों के राजदूतों और प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।बांग्लादेश के प्रमुख बंगाली दैनिक प्रोथोम अलो की रिपोर्ट के अनुसार, सनाउल्लाह ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में आयोग किसी अन्य चुनाव की तैयारी नहीं कर रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यदि सरकार निर्णय लेती है, तो आयोग राष्ट्रीय चुनावों से पहले स्थानीय सरकार के चुनाव आयोजित करने के लिए तैयार है।पिछले साल अगस्त में एक बड़े राजनीतिक तख्तापलट में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के अनौपचारिक रूप से देश छोड़ने को वैश्विक स्तर पर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि, शेख हसीना को हटाने के बाद 8 अगस्त 2024 को मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन किया गया था, लेकिन बांग्लादेश में हुई सामूहिक हिंसा ने न केवल उसके कमजोर लोकतंत्र को झटका दिया, बल्कि एक धर्मनिरपेक्ष राज्य होने की संभावना को भी धक्का पहुंचाया।

## फ्रांस के मार्सिले शहर पहुंचने पर पीएम मोदी ने वीर सावरकर को क्यों किया याद ?

मार्सिल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्सिले पहुंचने पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इस फ्रांसीसी शहर के ऐतिहासिक महत्व को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इस जगह का स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के साथ गहरा रिश्ता रहा है।

एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, मार्सिले में उतरा। भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में इस शहर का विशेष महत्व है। यहीं पर महान वीर सावरकर ने साहसी तरीके से भागने का प्रयास किया था। मैं मार्सिले के लोगों और उस समय के फ्रांसीसी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मांग की थी कि उन्हें (सावरकर) ब्रिटिश हिरासत में न सौंपा जाए। वीर सावरकर की बहादुरी, पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी! भारत सरकारी की वेबसाइट amritmahotsav.nic.in के अनुसार, वीर सावरकर को नासिक षडयंत्र मामले में 1910 में लंदन में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जब मुकदमे के लिए जहाज से भारत ले जाया जा रहा था, तो मार्सिले के पास सावरकर समुद्र में कूद गए और जहाज से होने वाली गोलीबारी का सामना करते हुए तैरकर फ्रांसीसी तट पर पहुंच गए। उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने मार्सिले में गिरफ्तार कर लिया।वेबसाइट आगे बताती है, फ्रांसीसी सरकार ने फ्रांसीसी धरती पर इस गिरफ्तारी के खिलाफ हेग अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में विरोध दर्ज कराया। इससे वीर सावरकर और अन्य भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को पूरी दुनिया में प्रसिद्धि मिली।

# पीएम मोदी ने अमेरिकी खुफिया प्रमुख गबार्ड से की मुलाकात, ‘भारत-अमेरिका की मित्रता‘ पर हुई चर्चा

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली औपचारिक आधिकारिक बैठक में अमेरिका के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। बुधवार को तुलसी गबार्ड को अमेरिका की डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस बनाए जाने की पुष्टि की गई।

बुधवार रात बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, उन्हें उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। भारत-अमेरिका मित्रता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसकी वह हमेशा से प्रबल समर्थक रही हैं।

बुधवार को सीनेट में देश की शीर्ष खुफिया पद के लिए हुए मतदान में गबार्ड ने जीत हासिल की और प्रधानमंत्री मोदी से मिलने से कुछ घंटे पहले ही शपथ ली। उन्हें 52 वोट मिले। केवल एक रिपब्लिकन सीनेटर मिच मैककोनेल ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर उनके खिलाफ वोट किया।

गबार्ड एक अमेरिकी हिंदू हैं। उनके विरोधियों में से कुछ ने उनके खिलाफ अपने अभियान में उनके धर्म का इस्तेमाल किया। प्रतिनिधि सभा में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के दौरान, वह भारत की प्रबल समर्थक रहीं।



उन्होंने हाउस इंटेलिजेंस सब-कमेटी और सशस्त्र बल समिति में भी काम किया। वह डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य रही और बाद में ट्रंप की सहयोगी बन गईं।

अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने गबार्ड को पद की शपथ दिलाई, जिन्हें ट्रंप ने असाधारण साहस और देशभक्त अमेरिकी महिला बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि उन्हें आर्मी नेशनल गार्ड में तीन बार तैनात किया गया था और वह एक पूर्व डेमोक्रेटिक कांग्रेस वुमन हैं।

हवाई से डेमोक्रेटिक कांग्रेस वुमन 43 वर्षीय गबार्ड को जासूसी एजेंसियों की देखरेख के लिए उनकी उपयुक्तता के बारे में द्विदलीय संदेह का सामना करना पड़ा था। गबार्ड ने राष्ट्रपति को उनके प्रति विश्वास के लिए धन्यवाद दिया और शपथ ग्रहण के बाद खुफिया समुदाय को फिर से केंद्रित करने की कसम खाई। नए खुफिया प्रमुख ने कहा कि दुर्भाग्य से अमेरिकी लोगों को खुफिया समुदाय पर बहुत कम भरोसा है। मुख्यत: इसलिए क्योंकि उन्होंने एक ऐसी इकाई का हथियारीकरण और राजनीतिकरण देखा है, जिसे पूरी तरह से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित होना चाहिए। वह पहले भी कई बार पीएम मोदी से मिल चुकी हैं। साल 2019 में एक बैठक के बाद उन्होंने कहा था कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण भागीदारों में से एक है।

उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने दोनों देशों

## यूक्रेन संघर्ष हल करने को लेकर ट्रंप-पुतिन की बातचीत सकारात्मक : यूएन

संयुक्त राष्ट्र (आरएनएस)। संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत किया है। साथ ही अमेरिका और रूस के नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत को सकारात्मक बताया है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बुधवार को कहा, हम यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए किए जा रहे किसी भी प्रयास की सराहना करेंगे, जिसमें रूस और यूक्रेन दोनों पक्ष शामिल हों। अगर वे दोनों एक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार हैं, तो यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। संयुक्त राष्ट्र ने यह भी कहा कि अमेरिका और रूस जैसे बड़े देशों के बीच बातचीत का सकारात्मक प्रभाव हो सकता है।फरहान हक ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच नियमित संपर्क से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। हम इसे एक सकारात्मक पहल मानते हैं। व्हाइट हाउस और क्रेमलिन ने बुधवार को अलग-अलग बयान जारी कर बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बातचीत हुई।

## मार्च में धरती पर वापस लौटेगी सुनीता विलियम्स, नासा ने बता दी तारीख

वाशिंगटन (ए)। अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्द ही धरती पर वापस आने वाले है। नासा ने बताया कि मार्च के बीच में उन्हें वापस लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं।



इसके पहले दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के लिए मार्च अंत या अप्रैल की समय सीमा तय की गई थी। उन्हें स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापस लाया जाएगा। सुनीता पिछले साल 5 जून को बुच विल्मोर के साथ आईएसएस पर पहुंची थीं। उन्हें एक सप्ताह के बाद लौटना था। दोनों बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल के टेस्ट के लिए गए थे, लेकिन इसमें खराबी आने के बाद दोनों आईएसएस पर ही रुक गए। इसके बाद से दोनों वहीं फंसे हुए हैं। इसके पहले नासा ने सुनीता और विल्मोर को फरवरी 2025 में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लाने की जानकारी दी थी। हालांकि ऐसा नहीं हो सका। मस्क अंतरिक्ष में फंसी सुनीता को वापस लाएंगे अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेस एक्सके मस्क से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता और उनके सहयोगी बुच विल्मोर को वापस लाने का काम सौंपा है। दोनों वैज्ञानिक पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं।

# कुबेरेश्वर धाम पर आयोजित होने वाली कथा की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित

## सभी व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करें अधिकारी - कलेक्टर बालागुरु के.




सीहोर (निप्र) । आगामी 25 फरवरी से कुबेरेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस कथा के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने संबंधित अधिकारियों को आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियां समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के ने व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए उन्हें समय पूर्व अपने ड्यूटी स्थल पर पहुँच कर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को भली-भांति समझने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के ने कथा के दौरान बेहतर इंतजाम करने एवं लोगों की सुरक्षा के साथ ही नेशनल हाईवे पर आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए मार्ग परिवर्तित करने तथा वैकल्पिक मार्ग तथा हेलीपैड स्थल के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की।

उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कथा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत, विठ्ठलेश्वर समिति के समीर शुक्ला सहित पुलिस एवं प्रशासन के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि कुबेरेश्वर धाम स्थित दुकानों में विक्रय होने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों की निरंतर जांच की जाए तथा मिलावट या अमानक पाए जाने पर संबंधित दुकानदार के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए जो भोजन बनाया जाएगा, उसकी फूड इंस्पेक्टर द्वारा समय समय पर जाँच की जाए। बस स्टैंड एवं रेलवे स्टैंड से कुबेरेश्वर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं से अधिक किराया वसूल न किया जाए इसके लिए ऑटो का किराया निर्धारित किया गया है। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी रीतेश तिवारी ने जानकारी दी कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बस स्टैंड से कुबेरेश्वर धाम तक 25 रूपये प्रति सवारी तथा रेलवे स्टेशन से कुबेरेश्वर धाम तक का किराया 30 रूपये प्रति सवारी किराया निर्धारित किया गया है। कुबेरेश्वर धाम आने जाने वाले ऑटो के लिए पृथक पार्किंग स्थल होगा।

### श्री विश्वकर्मा समाज सेवा समिति ने किया आभार व्यक्त

सीहोर (निप्र)। श्री विश्वकर्मा समाज सेवा समिति, जिला सीहोर की ओर से भगवान विश्वकर्मा प्रकट उत्सव, विवाह सम्मेलन एवं भव्य चल समारोह का सफल आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में समाज के सभी लोगों ने बड़े उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर सीहोर विधायक सुदेश राय द्वारा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए तीन लाख रुपए की महत्वपूर्ण घोषणा की गई। यह समाज के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता और सहयोग भावना का परिचायक है। हम उनके इस योगदान के लिए हृदय से आभार प्रकट करते हैं। साथ ही नगर पालिका सीहोर के अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सहायता की घोषणा की। यह भवन समाज की भावी पीढियों के लिए एक अमूल्य धरोहर साबित होगा। हम उनके इस योगदान के लिए कृतज्ञ हैं और उनका सम्मान करते हैं।

# रविदास जयंती पर ग्राम महुआखेड़ा में निकली शोभायात्रा



सीहोर (निप्र) । संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर सीहोर विधानसभा के ग्राम महुआ खेड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों द्वारा यहां पर शोभायात्रा निकाली गई। रविदास मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में शामिल अहिरवार समाज संघ के प्रदेश सचिव विनोद बड़ोदिया ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी महाराज ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और पाखंड का विरोध किया। प्रेम, बंधुता, समानता का उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि काम कोई भी छोटा बड़ा नहीं होता। इस मौके पर अहिरवार अहिरवार समाज संघ महुआ खेड़ा समिति ने ग्राम के बुजुर्गों का सम्मान किया। कार्यक्रम और शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसमें शामिल मुख रूप से अहिरवार समाज संघ के प्रदेश सचिव विनोद कुमार बड़ोदिया, सीहोर जिले के अध्यक्ष करण सिंह अहिरवार, समिति के पदाधिकारी लक्ष्मण सिंह अहिरवार भोलाराम अहिरवार, धर्मेंद्र अहिरवार, मिश्रीलाल अहिरवार, झारखेड़ा जनपद सदस्य रमेश अहिरवार, राधेश्याम अहिरवार एवं अन्य लोग शामिल हुए ।

# सड़क सुरक्षा के लिए अनोखी पहल

## नियम पालन करने वाले को पुष्प ( फूल ) दे कर किया सम्मानित



सीहोर (निप्र) । देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन मध्यप्रदेश सड़क विकाश निगम (एम.पी.आर.डी. सी.) के डी एम सोनल सिन्हा, ए.जी.एम. संजीव कुमार जैन एवं डी बी सी पी एल परियोजना संचालक अजय मिश्रा के मार्गदर्शन मे यातायात पुलिस के साथ मिल कर निरंतर सुरक्षित यात्रा के लिए वाहन चालकों को देवास भोपाल फोर लेन सड़क से गुजरने पर बरती जाने वाली सावधानियों एवं यातायात नियमों का पालन करने के फायदों से अवगत करा रही है । डी बी सी पी एल प्रशासन सुरक्षित यात्रा एवं सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सड़क की अधिकतम गति सीमा को ध्यान में रख कर वाहन परिचालन करने एवं नियम पालन करने के निवेदन के साथ हेल्मेट पहन कर मोटर साइकिल चलने वाले को फुल एवं अन्य उपहार दे कर सम्मानित कर रही है, साथ ही वाहन चालकों से नियम पालन प्रतिबद्धता का सपथ दिलवा रही है।

### कलचुरी कलार समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए गायत्री परिवारजन

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिला मुख्यालय पर आयोजित कलचुरी कलार समाज के 12वें नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में गायत्री परिवार के सदस्य सम्मिलित हुए। गायत्रीजनों ने विवाह सम्मेलन में विवाह बंधन में बंधे 21 नवयुगलों को आशीर्वाद देने के साथ ही गायत्री मंत्र गठ जोड़ा एवं गुरुदेव द्वारा रचित गृहस्थी जीवन पर आधारित साहित्य भेंटकर गृहस्थ जीवन की शुभाकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवारजनों ने समाजसेवी अखिलेश राय के हाथों 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की प्रचार-प्रसार सामग्री का भी विमोचन कराया।बता दें जिला मुख्यालय स्थित अल्हादाखेड़ी स्टेडियम में कलचुरी कलार समाज का नि:शुल्क विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में 21 वर-वधुओं का विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान गायत्री शक्तिपीठ सीहोर, आष्टा, ओबेदुल्लागंज एवं मंडीदीप क्षेत्र के परिजन शामिल हुए।

# कलेक्टर ने भाऊखेड़ी आजीविका पार्क का किया निरीक्षण

## आर्थिक, सामाजिक बदलाव और महिला सशक्तिकरण की मिसाल बना भाऊखेड़ी आजीविका पार्क

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर के भाऊखेड़ी स्थित मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया और स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने भाऊखेड़ी मनरेगा पार्क में संचालित पशुपालन, मत्स्यपालन, कस्टम हायरिंग सेंटर, फलोद्यान तथा औषधीय पौधों की खेती सहित विभिन्न गतिविधियां देखी और स्वसहायता समूह की महिलाओं से जानकारी लेते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्य और व्यापार के विस्तार के संबंध में सुझाव दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी एवं आत्मनिर्भर महिला प्रोड्यूसर कंपनी इछावर के कार्यों का अवलोकन किया। भाऊखेड़ी मनरेगा पार्क 28 एकड़ में निर्मित है। उन्होंने दीदियां द्वारा बनाए गए सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत संचालित अनेक यूनिटों का भी अवलोकन किया। इस दौरान जानकारी दी गई कि भाऊखेड़ी आजीविका पार्क में पशुपालन, मत्स्यपालन, कस्टम हायरिंग सेंटर, फलोद्यान तथा औषधीय पौधों की खेती, गौशाला सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इन गतिविधियों के साथ ही पार्क में पशुआहार युनिट, सीड ग्रेडर प्लांट स्थापित है। स्वसहायता समूह द्वारा फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी निर्मित कर कृषि से जुड़े अन्य व्यवसाय किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इछावर के भाउखेड़ी में 28 एकड़ में निर्मित यह पार्क स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित किया जाता है। इस मनरेगा के माध्यम तथा समूह के सदस्यों के प्रयासों से लखपति दीदियों की आत्मनिर्भरता एवं उनके सफल उद्यमों की गूंज जैसे उन्नति एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट , पशु आहार यूनिट, मसाला यूनिट , गौशाला संचालन मछली पालन व कृषि जैसे कार्यों में समूह की दीदियों के संघर्षों और पारिवारिक चुनौतियों को पार करते हुए सामाजिक, आर्थिक बदलाव के साथ ही महिला सशक्तिकरण की एक नई मिसाल खड़ी की है।

### JEE जैसी कठिन परीक्षा में विद्यासागर अकादमी के नौ छात्रों ने फहराया परचम



भैरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्थान विद्यासागर अकादमी के दक्ष खंडेलवाल, शिवांशु प्रजापति, निक्की राजपूत, सुमित मालवीय, उत्तम पंवार, सक्षम राजपूत,पूर्वी कीर, मुस्कान यादव,राखी यादव कुल नो छात्रो ने JEE MAINS परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन कर इतिहास रच दिया । संभवत: विद्यासागर अकादमी नगर की पहली शैक्षणिक संस्था है जिसके एक साथ नो अध्ययनरत छात्रो ने JEE MAINS परीक्षा उत्तीर्ण की हो । इस अवसर पर विद्यालय के संचालक नरेन्द्र पड़िहार ने छात्रो को मिठाई खिलाकर उन्हें आगामी उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर शाला के प्राचार्य धर्मेन्द्र पुष्पध, उपप्राचार्य सागर पंवार लेखापाल शत्रुघ्न पंवार शिक्षक अंकित यादव, सुनील सेन, शाजिया खान,आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।

# भैरुंदा प्रसिद्ध भीलट भान बाबा स्थान रुजनखेडी में 62 वां रुद्र महायज्ञ एवं भजन प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ



भैरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। भीलट भान बाबा रूजन खेड़ी मंदिर पर प्रदेश स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं समिति के अध्यक्ष संतोष गौर ने बताया कि प्रतियोगिता 48 घंटे निरंतर चली और 13 मंडलो ने भाग लिया जिसमें प्रथम पुरस्कार 31000 रुपए श्री शिव ज्योति सरगम मंडल तिलाडिया ने प्राप्त किया वहीं 21000 द्वितीय पुरस्कार सुदर्शन मंडल जाट राजोरा तृतीय पुरस्कार ?15000 ठाकुर मंडल ढाबा कला चतुर्थ पुरस्कार 11000 कृष्ण कला मंडल बोरखेड़ा पंचम पुरस्कार 10,000 बाल गोपाल मंडल भोपाल षष्टम पुरस्कार 9000 सरस्वती मंडल बुधवाडा अष्टम पुरस्कार 8000 चक्र सुदर्शन मंडल भेसान प्रतियोगिता में सभी 13 ही मंडलो को पुरस्कार दिया गया शेष पांच मंडलों को विशेष पुरस्कार दिया गया सर्वश्रेष्ठ गायक का पुरस्कार नितेश राजपूत बोरखेड़ा को दिया गया जबकि ढोलक वादक का पुरस्कार विकास रावत तिलाडिया को दिया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव ने उपस्थित होकर सभी को सफल आयोजन की बधाई दी और उन्होंने कहा कि 62 वर्षों से यज्ञ की परंपरा चल रही है और क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने के उद्देश्य से विशाल भजन प्रतियोगिता भी हमारी संस्कृति का हिस्सा है मैं भीलट बाबा से प्रार्थना करता हूं कि सभी की उन्नति हो प्रकृति हो और सद भाव वना रहे कार्यक्रम का आयोजक कैलाश धावरे ने भानबाबा स्थल पर टीनसैट की मांग कि जिसको तत्काल स्वीकृती देते हुए कहां कि अगर आपको और भी यहां किसी भी प्रकार की आवश्यकता हो उसको भी पूरा किया जाएगा सहभागी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नितेश पेठारी, पार्षद रामपाल हरियाले गिल्लोर ,रामपाल पटेल, सतीश हरियाले श्यामपुर, इमारत पटेल लक्ष्मी नारायण धावरे,आयुष पाटिल, राकेश कटारे, सुरेश हरियाले, राजेश सोलंकी ,राकेश गौर चतुर्भुज सोलंकी ,सुरेश हरियाले, विष्णु पाटील, सुमर सिंह धाबरे ,तुलसीराम बांकरियां, विजय , अभिषेक जाटव, संजय सिंह बाकरिया , राहुल सोलंकी , झरानिया, नर्मदा प्रसाद बकोरिया, कैलाश कटारे सहित समिति के सभी सदस्य गण।

### अ.जा.ज.पि.अल्पसंख्यक कल्याण परिषद प्रदेश महामंत्री खंगराले सहित रविदास जयंती कार्यक्रम में परिषद कार्यकर्ताओं हुए शामिल

आष्टा/सीहोर। गुरु रविदास जयंती चल समारोह एवं रविदास मांगलिक भवन भूमि स्थल शाहवाजपुरा नेशनल हाईवे पार्वती पुल के पास आष्टा में बड़े ही धूमधाम से रविदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर, आष्टा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष आष्टा प्रतिनिधि सोनू गुणवान उपस्थित रहे। विधायक गोपाल इंजिनियर द्वारा इस शुभ अवसर पर जांगड़ा समाज की धर्मशाला निर्माण सहित अनेकों घोषणाऐं की गई।

# अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई कार्रवाई

सीहोर (निप्र) । कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि आबकारी अमले द्वारा भैरूंदा के ग्राम बागलिखेड़ा, छाप, सुआपानी, छपरी, मगरीय, मँजीखेड़ा सहित अन्य ग्रामों में तीन अज्ञात प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करते हुए 45 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा एवं 5000 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया। आबकारी अमले द्वारा जब्त इस सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 05 लाख 09 हजार रूपये है। यह कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती संगीता नायक, आबकारी आरक्षको एवं नगर सैनिकों द्वारा की गई।

**कार्यालय शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर (म.प्र.)**

क्र./686/ई-निविदा/2025 सीहोर दिनांक 10.02.2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना सत्र् 2024-25

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा शास. आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर म.प्र. में सत्र् 2024-25 के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित ई-टेंडर आमंत्रित किये जाने है।

1 विभिन्न कार्य की सलाना दर हेतु : निविदा क्र. 2025_DPI_401739_1

क्रय समिति अध्यक्ष/सदस्यों के निर्णय अनुसार वित्तीय दर खोली जावेगी कृपया ई-निविदा का नि:शुल्क प्रकाशन प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन करवाने का कष्ट करें।

नोट :- ई-निविदा की बेवसाईट https://www.mptender.gov.in अपलोड की जा रही है।

जी/22956/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

प्राचार्य
शा. आवासीय खेलकूद संस्थान
सीहोर ( म.प्र. )

# बंदूक के बल पर कंपनी ने कराया ईट बनाने वाले प्रजापति समाज के कई परिवारों का राशन पानी बंद

## प्रशासन ने दी बलपूर्वक ईट भट्टों और 20 से अधिक कच्चे मकानों को तोडऩे की चेतवानी



सीहोर (निप्र) । बंदूक के बल पर एक्मे पेपर लिमिटेड कंपनी ने सीवन नदी के पास ईट बनाने वाले प्रजापति समाज के कई परिवारों का राशन पानी और ईट बनाने का कच्चा माल लाना ले जाना बंद कर दिया है। कच्चा माल नहीं आने देने से ईट निर्माण का काम पूरी तरह से बंद हो गया है। ईट निर्माण से जुड़े कई मजदूर बेरोजगार होकर घर बैठ गए है। भट्टों में दबी कच्ची 12 लाख ईटो को निकालना भी मुश्किल हो गया है। प्रशासन ने नोटिस देकर 14 फरवरी शुक्रवार को बलपूर्वक ईट भटटों और 20 से अधिक कच्चे मकानों को तोडऩे की चेतवानी जारी कर दी है। बच्चों को कहा लेकर जाए चिंता में कई परिवार रात को सो नहीं पा रहे है। करबला पुल के पास एक्मे पेपर लिमिटेड कंपनी ने एक दर्जन गार्ड हथियारों से लेस कर तैनात कर दिए है। अनेक विवादों में रही एक्मे पेपर लिमिटेड कंपनी 50 साल बाद प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर प्रजापति समाज के परिवारों पर बेदखली की कार्रवाही करा रही है। सामान्य नागरिकों के सरकारी कार्यो के लिए कार्यालय के चक्कर कटवाने वाला प्रशासन एक्मे पेपर लिमिटेड कंपनी के लिए तत्परता से काम कर रहा है। प्रशासन ने सीवन नदी किनारे करबला पुल के पास गुजरे पचास सालों से कच्चे घरों में रहकर ईट निर्माण कर जीवन यापन कर रहे प्रजापति और कुशवाहा समाज के परिवारों को जमीन से बेदखल करने के लिए नोटिस जारी कर दिए है। इधर बंदूक के बल पर एक्मे पेपर लिमिटेड कंपनी ने ईट बनाने वाले प्रजापति समाज के कई परिवारों का रास्ता बंद कर राशन पानी और ईट बनाने का कच्चा माल लाना बंद कर दिया है। भरी खाली ट्रेक्टर ट्राली लाने ले जाने और राशन का सामान पीने का पानी लाने ले जाने पर भी रोक लगा दी गई है। कंपनी के गार्डो ने प्रजापति समाज के लोगों को ईट भटटों के पास ही नजर बंद कर दिया है लेकिन कंपनी के लिए काम कर रहा प्रशासन प्रजापति समाज के लोगों की इस दशा से परिचित होने के बावजूद आंखे बंद कर बैठा है। जनसुनवाई में मदद की गुहार लगा चुके प्रजापति और कुशवाह समाज के लोगों की कोई सुनने को तैयार नही है।ईट बनाने वाले कैलाश प्रजापति, कमलेश प्रजापति, दिनेश प्रजापति, संतोष प्रजापति, रामदयाल राजपूत, गजेंद्र कुमार, आशा बाई, बलराम प्रजापति, संजय प्रजापति, अयोध्या बाई, सुनिता बाई, किशनलाल, राधेकिशन प्रजापति, हेमंत प्रजापति, राजू कुशवाह, अभिषेक प्रजापति, सावित्री बाई आदि ने शासन प्रशासन से बेदखली की कार्रवाही तत्काल रोकने,हथियारों से लेस गार्डो को हटाने,राशन पानी और कच्चा माल लाने ले जाने सहित बेदखली की स्थिति में ईट निर्माण और रहने के लिए पर्यापत जमीन उपलब्ध कराने मकान बनाने के लिए एक्मे पेपर लिमिटेड कंपनी से मुआवजा राशि प्रदान कराने की मांग की है।

**टेण्डर नं. 02/2025**

//District Residency Program (DRP) के क्रियान्वयन के हेतु आवासीय व्यवस्था के संबंध में द्वितीय ई- निविदा

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय सीहोर ( म.प्र. )
( नदी चौराहा, ट्रामा सेन्टर सीहोर )

District Residency Program (DRP) के क्रियान्वयन के हेतु आवासीय व्यवस्था के संबंध में ई - निविदा आमंत्रण सूचना

//निविदा प्रक्रिया//

| | |
|---|---|
| 1 निविदा का प्रकार | वर्ष 2025-2026 में District Residency Program (DRP) के क्रियान्वयन के हेतु आवासीय व्यवस्था के संबंध में ई-निविदा आमंत्रित की जाना है। |
| 2 निविदा दस्तावेज ऑनलाईन क्रय हेतु उपलब्धता | शासकीय निविदा प्रपत्र मूल्य राशि 1000/-(एक हजार रूपये) है जो ई-टेण्डर http://mptenders.gov.in पर देय होगा। कोई समस्या आने पर ई-टेण्डर के हेल्प लाईन नम्बर पर सम्पर्क करें। |
| 3 ऑनलाईन निविदा जारी करने की दिनांक एवं समय | 14 फरवरी 2025 समय दोपहर 12:00 बजे से |
| 4 ऑनलाईन निविदा क्रय करने की दिनांक एवं समय | 14 फरवरी 2025 समय दोपहर 03:00 बजे से |
| 5 ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 28 फरवरी 2025 समय शाम 05:00 बजे तक |
| 6 ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 28 फरवरी 2025 समय शाम 06:00 बजे तक |
| 7 ऑनलाईन तकनीकी निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | 04 मार्च 2025 समय सुबह 12:00 बजे तक |
| 8 वित्तीय निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | निविदा समिति निर्णय अनुसार |

जी/22930/24

( डॉ. प्रवीर गुप्ता )
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय सीहोर

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com